# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

सूर्योदय सुबह 7:03 बजे
सूर्यास्त शाम 5:21 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

● साल-1 ● अंक-87 ● पृष्ठ-8 ● मूल्य-1 रूपये ● मंगलवार 2 दिसंबर 2025 ● पंजाब ● हरियाणा ● हिमाचल ● चंडीगढ़ ● ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर


## न्यूज़ ब्रीफ

### यूपी में निजी स्कूलों पर सख्ती

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने निजी स्कूलों में पढ़ा रहे शिक्षकों की योग्यता की जांच कराने का फैसला लिया है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने कई स्कूलों में नियमों के विपरीत बिना डी.एल.एड., बी.एड., CTET या TET पास किए शिक्षकों द्वारा पढ़ाई करवाने पर कड़ी नाराजगी जताई थी। झांसी निवासी राहुल जैन की शिकायत के बाद NCTE ने इस मुद्दे को गंभीर माना है। सरकार ने निर्देश दिया है कि राज्य के सभी 75 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी निजी स्कूलों में पढ़ा रहे शिक्षकों की योग्यता की विस्तृत जांच करें। जहां भी मानकों के विपरीत शिक्षक पाए जाएंगे, उन्हें तत्काल हटाया जाएगा। सरकार का कहना है कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह सख्त कदम उठाया जा रहा है।

### सेंट जेवियर्स कॉलेज में छात्राओं से बदसलूकी

**नई दिल्ली।** सेंट जेवियर्स कॉलेज की छात्राओं ने आजाद मैदान पुलिस को एक गेस्ट स्पीकर के खिलाफ शिकायत दी है, जिस पर कैंपस में हुई नेशनल लेवल कॉन्फ्रेंस के दौरान दुर्व्यवहार करने का आरोप है। छात्राओं का कहना है कि स्पीकर ने उनकी अनुमति के बिना उनकी तस्वीरें खींचीं और गलत तरीके से उनके पास से गुजरते हुए अनुचित व्यवहार किया। कॉलेज की इंटरनल कंप्लेंट्स कमिटी में कम से कम 10 छात्रों ने शिकायत दर्ज कराई। जानकारी मिलते ही कॉलेज प्रशासन ने गेस्ट स्पीकर को तुरंत कैंपस छोड़ने के लिए कहा, जबकि उनका सेशन अगले दिन होना था। हालांकि अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

### पत्नी की हत्या कर लाश के साथ ली सेल्फी

**तिरुनेलवेली|** तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां बालामुरुगन नाम के व्यक्ति ने अपनी पत्नी श्रीप्रिया की बेरहमी से हत्या कर दी और फिर उसकी लाश के साथ सेल्फी लेकर व्हाट्सऐप स्टेटस पर पोस्ट कर दिया। पुलिस के अनुसार, श्रीप्रिया कोयंबटूर की एक निजी कंपनी में काम करती थी और दोनों पति–पत्नी काफी समय से अलग रह रहे थे। पुलिस ने मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर लिया।

### सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिर्पोटर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*



## भारत का सबसे लंबा ग्लास स्काईवॉक

**कैलासागिरी|** समुद्र तल से 862 फीट ऊपर कैलासागिरी में बना भारत का सबसे लंबा ग्लास स्काईवॉक, जहां 55 मीटर लंबे पारदर्शी कैंटिलीवर स्ट्रक्चर पर चलते हुए पर्यटक जर्मन ग्लास से तैयार इस अद्भुत इंजीनियरिंग का अनुभव करते हैं। यहाँ से बंगाल की खाड़ी का 360 पैनोरमिक नज़ारा देखने वालों को मंत्रमुग्ध कर देता है।

## ढाका की अदालत ने हसीना को पांच वर्ष की कैद सुनाई

**ढाका|** ढाका की एक अदालत ने सोमवार को बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को प्लॉट आवंटन में अनियमितताओं के आरोप में 5 वर्ष की कैद सुनाई है। इसी मामले में उनकी छोटी बहन शेख रेहाना को 7 साल और रेहाना की बेटी एवं ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी को 2 साल की सजा दी गई। यह फैसला ढाका के विशेष न्यायाधीश–4 रबीउल आलम ने सुनाया। बांग्लादेश के भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने इसी वर्ष जनवरी में शेख हसीना और उनके परिवारजनों के खिलाफ ढाका के पुर्बाचल क्षेत्र में कथित अवैध सरकारी भूखंड आवंटन को लेकर कुल छह अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। इससे पहले, पिछले गुरुवार को ढाका की एक अन्य अदालत ने शेख हसीना को तीन अलग प्लॉट घोटाला मामलों में 7–7 साल, कुल मिलाकर 21 साल कैद की सजा दी थी। यह फैसला विशेष न्यायाधीश–5 मोहम्मद अब्दुल्ला अल मामून ने सुनाया।

## गृह मंत्रालय की हरियाणा नई विधानसभा प्रोजेक्ट पर रोक

### हरियाणा ने 640 करोड़ का जमीन सौदा वापस लिया

**एजेंसी | नई दिल्ली**

चंडीगढ़, हरियाणा और चंडीगढ़ प्रशासन ने नई विधानसभा भवन के लिए भूमि सौदे को फिलहाल स्थगित कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दोनों पक्षों को आगे बढ़ने से रोकते हुए इस विवादित प्रस्ताव पर फिलहाल कोई कार्रवाई न करने का निर्देश दिया है। हरियाणा सरकार ने चंडीगढ़ में विधानसभा भवन के निर्माण के लिए दस एकड़ जमीन खरीदने का निर्णय वापस ले लिया है। इससे पहले अदला-बदली की नीति के तहत हरियाणा ने सकेतड़ी क्षेत्र में 12 एकड़ जमीन देने का प्रस्ताव रखा था, ताकि रेलवे स्टेशन के पास की प्राइम लोकेशन वाली भूमि हासिल की जा सके। हालांकि इस योजना में प्रशासनिक और शहरी नियोजन संबंधी बाधाओं के कारण संतोषजनक समाधान नहीं निकला।

यूटी प्रशासन ने हरियाणा को दस एकड़ जमीन के लिए 640 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा था। अदला-बदली की नीति का लाभ न मिल पाने और भूमि की कीमत बढ़ने के कारण यह प्रस्ताव अब फिलहाल समाप्त माना जा रहा है। भूमि की लोकेशन और शहरी योजना दृष्टिकोन से दोनों स्थलों में समानता नहीं होने के कारण भी प्रस्ताव खारिज किया गया। हरियाणा विधानसभा की वर्तमान भवन में 90 विधायकों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है। मौजूदा भवन एक हेरिटेज संरचना होने के कारण इसका विस्तार संभव नहीं है। इसलिए नया विधानसभा भवन बनाना आवश्यक था।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जुलाई 2022 में एनजेडसी की बैठक में नई बिल्डिंग के लिए भूमि देने का प्रस्ताव मंजूर किया था। वर्ष 2026 में प्रस्तावित परिसीमन के बाद 2029 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव होंगे। नए परिसीमन के अनुसार हरियाणा में विधानसभा सीटों की संख्या बढ़कर 126 और लोकसभा सीटें 14 होंगी। इस विवाद में पंजाब और हिमाचल प्रदेश भी चंडीगढ़ पर अपने दावे पेश कर चुके हैं। भूमि विवाद के कारण हरियाणा और चंडीगढ़ प्रशासन ने फिलहाल विधानसभा निर्माण के प्रस्ताव को रोक दिया है।

### शीतकालीन सत्र की गहमागहमी: SIR, अर्थव्यवस्था और संसद की कार्यवाही पर सत्ता-विपक्ष में तीखा टकराव

# पहले ही दिन हंगामा, नारेबाजी और स्थगन ने बिगाड़ा सदन का माहौल

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार को भारी हंगामे और राजनीतिक टकराव के साथ शुरू हुआ। लोकसभा की कार्यवाही दिनभर बाधित होती रही और आखिरकार सदन को मंगलवार, 2 दिसंबर सुबह 11 बजे तक स्थगित करना पड़ा। विपक्ष लगातार SIR और महंगाई जैसे मुद्दों पर चर्चा की मांग करता रहा, जबकि सत्ता पक्ष ने विपक्ष पर सदन को जानबूझकर न चलने देने का आरोप लगाया। सुबह 11 बजे शुरू हुई कार्यवाही के दौरान नारेबाजी इतनी तेज रही कि लोकसभा स्पीकर को तीन बार सदन स्थगित करना पड़ा। करीब 50 मिनट का ही विधायी काम हो सका। इस बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने GST विधेयक, स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 और केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 सदन में पेश किए, जिन्हें ध्वनिमत से आगे बढ़ाया गया।



*▪ कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल और गौरव गोगोई ने SIR को लेकर एडजर्नमेंट मोशन नोटिस दिया। विपक्ष का आरोप है कि चुनाव आयोग की यह प्रक्रिया मतदाता सूची में गड़बड़ी और लोकतांत्रिक अधिकारों को प्रभावित कर रही है। समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने इसे "संविधान पर हमला" करार दिया।*

**▪ पीएम मोदी का बयान-"यहां ड्रामा नहीं, डिलीवरी होती है...**

*सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह सत्र देशहित के मुद्दों पर केंद्रित होना चाहिए। उन्होंने विपक्ष को संकेत दिया कि "ड्रामा करने की जगह और भी कई मंच हैं संसद में डिलीवरी होती है।" इस पर प्रियंका गांधी ने कड़ा जवाब देते हुए कहा, "जनता के मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं, लोकतंत्र की जिम्मेदारी है।"*

**▪ नारेबाजी से बाधित हुई कार्यवाही...**

*शून्यकाल के दौरान विपक्ष ने "वोट चोर, गद्दी छोड़" के नारे लगाए और SIR पर तत्काल चर्चा की मांग की। बार-बार अनुरोध के बावजूद हंगामा जारी रहा, जिसके चलते स्पीकर ने कहा— "क्या आप अपनी बात सुनना चाहते हैं या नहीं? यदि नहीं, तो सदन को कल सुबह 11 बजे तक स्थगित किया जाता है," इसके बाद लोकसभा पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।*

**▪ इंडी ब्लॉक की रणनीतिक बैठक...**

*संसद परिसर में मल्लिकार्जुन खरगे के ऑफिस में इंडी ब्लॉक की बैठक हुई, जिसमें राहुल गांधी भी शामिल रहे। दूसरी तरफ बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्रियों ने भी सत्र के लिए अपनी रणनीति तय की।*

### SIR पर विपक्ष का आक्रामक रुख

**▪ धर्मेंद्र को दी श्रद्धांजलि, राज्यसभा में गरिमा की अपील...**

*लोकसभा की शुरुआत दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देकर हुई। राज्यसभा में पीएम मोदी ने नए सभापति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि "सदन उनकी गरिमा को पूरी तरह बनाए रखेगा।"*

**▪ अखिलेश यादव और गोगोई का सरकार पर हमला...**

*सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर उन इलाकों में वोटर सूची से नाम काट रही है जहां वह कभी चुनाव नहीं जीत पाई। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा— "सरकार सिर्फ अपने मुद्दों और अपने लाए बिलों पर चर्चा चाहती है, विपक्ष की आवाज़ को लगातार दबाया जा रहा है।" जहां लोकसभा दिनभर हंगामे के कारण बंद रही, वहीं राज्यसभा में चर्चा सामान्य रूप से आगे बढ़ती रही। शीतकालीन सत्र की शुरुआत से ही जिस तरह सत्ता और विपक्ष आमने-सामने दिखाई दिए हैं, उससे साफ है कि आने वाले दिनों में यह सत्र और भी विवादित और राजनीतिक रूप से गरम रहने वाला है।*

**▪ प्रियंका का मोदी पर कटाक्ष-लोगों के मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं, उन पर चर्चा न करना...**

*कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर संसद में चर्चा से बचने का आरोप लगाया है। सरकार किसी भी मुद्दे पर संवाद करने के लिए तैयार नहीं है, जिससे सदन का सुचारू रूप से चल पाना कठिन हो रहा है। प्रियंका ने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों से जुड़े मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है, लेकिन उन पर चर्चा न होने देना ड्रामा है।*

## खरमास के बाद भाजपा में बदलाव, नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की तलाश तेज

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

भाजपा के नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलें और तेज़ हो गई हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा बहुत जल्द हो सकती है। बिहार में एनडीए की जीत के बाद यह धारणा मजबूत हुई है कि राज्य में रणनीतिक भूमिका निभाने वाले एक केंद्रीय मंत्री मौजूदा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की जगह ले सकते हैं। हालांकि, पार्टी के भीतर कुछ और वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों और संगठन के दिग्गज नेताओं के नाम भी चर्चा में हैं।

मध्य प्रदेश के जबलपुर में हाल ही में हुई भाजपा की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक के दौरान आरएसएस नेतृत्व के बीच भी इस विषय पर गहन विचार-विमर्श हुआ। सूत्रों के अनुसार, महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में प्रभावशाली भूमिका निभाने वाले एक वरिष्ठ संघ पदाधिकारी को भी संगठन में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। नड्डा को 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष और बाद में पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था। उनका कार्यकाल लोकसभा चुनाव 2024 तक बढ़ाया गया था। अब 29 राज्यों में संगठनात्मक चुनाव पूरे हो चुके हैं, जबकि उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में औपचारिकताएँ जारी हैं। ऐसे में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया अंतिम पड़ाव पर पहुँच गई है। उम्मीद है कि जनवरी 2026 तक नया अध्यक्ष चुना जा चुका होगा। एक वरिष्ठ सूत्र ने संकेत दिया कि 14 जनवरी को खरमास समाप्त होने के बाद पैनल और प्रक्रिया दोनों में तेजी आएगी। पार्टी के शीर्ष पदाधिकारी के अनुसार, "राज्यों में संगठनात्मक चुनावों के साथ-साथ केंद्रीय स्तर पर तैयारी भी पूरी गति से चल रही है। नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए निर्वाचन मंडलों की सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी बीच भाजपा गलियारों में तीन नाम सबसे मज़बूत दावेदारों के रूप में उभरकर सामने आए हैं। केशव प्रसाद मौर्य, धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव सबसे आगे माने जा रहे हैं। प्रधान बिहार में चुनाव प्रभारी रहने के कारण और मौर्य इसलिए कि वे आरएसएस और अमित शाह दोनों के भरोसेमंद माने जाते हैं। जनवरी के बाद भाजपा के राष्ट्रीय संगठन में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

## हैदराबाद में 4 साल की बच्ची के साथ हुई दरिंदगी

**शाहपुर|** हैदराबाद के शाहपुर नगर स्थित एक प्राइवेट स्कूल में नर्सरी की छात्रा के साथ महिला स्टाफ द्वारा की गई हिंसात्मक घटना ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। आरोपी महिला ने मासूम बच्ची को स्कूल के वॉशरूम में बेरहमी से पीटा, साथ ही उसे फर्श पर पटकने और गला दबाने की कोशिश की। पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी महिला लक्ष्मी, जो स्कूल की सफाई कर्मचारी है। बच्ची की मां स्कूल में बस कंडक्टर का काम करती हैं। बताया गया कि दोनों के बीच कुछ समय से मनमुटाव चल रहा था, जिसके चलते लक्ष्मी ने बच्ची को निशाना बनाया। लक्ष्मी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

## बीसीसीआई की अचानक बैठक, गंभीर अगरकर के साथ होगी महत्वपूर्ण चर्चा

**एजेंसी | मुंबई**

भारतीय क्रिकेट एक बार फिर तनाव और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे से ठीक पहले बीसीसीआई ने मुख्य कोच गौतम गंभीर, मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक बुलाई है। मैच से कुछ ही घंटे पहले हुई इस बैठक ने कई बड़ी चिंताएँ खड़ी कर दी हैं।

स्पोर्टस्टार की रिपोर्ट के अनुसार, बैठक में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, संयुक्त सचिव प्रभतेज सिंह भाटिया, मुख्य कोच गौतम गंभीर और चयन समिति के चेयरमैन अजीत शामिल होंगे। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई के नए अध्यक्ष मिथुन मनहास इसमें भाग लेंगे या नहीं। हालांकि इतना तय है कि विराट कोहली, रोहित शर्मा या कोई अन्य वरिष्ठ खिलाड़ी इस बैठक में नहीं बुलाए जाएंगे।

बीसीसीआई के एक अधिकारी के मुताबिक, इस बैठक का उद्देश्य है कि टीम चयन में निरंतरता लाना और भविष्य की योजनाओं पर स्पष्टता बनाना। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज़ में मिली हार के बाद बोर्ड कई महत्वपूर्ण सवालों पर पुनर्विचार कर रहा है। बैठक का फोकस इन बिंदुओं पर रहेगा कि हलिया मैचों में टीम रणनीति में हुई चूकें, प्रबंधन और खिलाड़ियों के बीच संवाद की कमी और टीम की दीर्घकालिक योजना को मजबूत बनाना। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा,"घरेलू टेस्ट सीज़न में मैदान के अंदर और बाहर कई उलझे हुए फैसले देखने को मिले। अगली टेस्ट सीरीज़ में अभी आठ महीने बाकी हैं, इसलिए तैयारी अभी से पूरी करनी ज़रूरी है।"भारत अगले साल टी-20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करेगा, और उसके बाद वनडे विश्व कप भी नज़दीक है। इसलिए बोर्ड किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतना चाहता। इसलिए सभी रणनीतिक मुद्दों को तुरंत सुलझाना बेहद महत्वपूर्ण है। प्रबंधन, चयन समिति और कुछ वरिष्ठ खिलाड़ियों के बीच मतभेद मौजूद हैं, जिन्हें दूर करने की कोशिशें जारी हैं।

**पेज 1 एंकर स्टोरी**

### 55 लोग बैठे, मोबाइल बंद: उठना मना, स्क्रोलिंग मना

# मोगा में अनोखा 'फ्री बैठने' का मुकाबला, जो उठा वो हारा!

**समर न्यूज़ | मोगा**

मोगा के गांव घोलियां खुर्द में इन दिनों एक अनोखी प्रतियोगिता चर्चा का विषय बनी हुई है। यहां "फ्री रहने का मुकाबला" आयोजित किया गया है, जिसमें कुल 55 प्रतिभागी शामिल हुए इनमें पति-पत्नी की जोड़ी, दादा-पोते, महिलाएं, युवा और बुजुर्ग भी मौजूद हैं। इस प्रतियोगिता की खास बात यह है कि इसमें कोई उम्र सीमा नहीं है और बस एक ही काम करना है बिना उठे शांति से बैठना। आयोजकों ने इसके लिए 11 कड़े नियम बनाए हैं। मोबाइल फोन का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित है, झगड़ा-शोर बिल्कुल नहीं, और एक बार बाहर होने पर दोबारा प्रवेश की अनुमति नहीं है।

**▪ पुरस्कार और उद्देश्य...**

*विजेता को साइकिल और 4500 रुपए, रनर-अप को 2500 रुपए, जबकि तीसरे स्थान पर रहने वाले को 1500 रुपए दिए जाएंगे। आयोजक विक्रमजीत सिंह के अनुसार इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य लोगों को मोबाइल की लत से थोड़ा दूर करना है। हम मोबाइल में इतना उलझ चुके हैं कि फुर्सत से बैठना, बात करना, परिवार संग समय बिताना भूल गए हैं। उनका मानना है कि यह मुकाबला आज की जरूरत है, ताकि लोगों को पता चले कि बिना मोबाइल के भी जीवन में शांति और मानसिक सुकून संभव है।*



**▪ पहले दिन सभी का हौसला बरकरार...**

*मुकाबले की शुरुआत के शुरुआती 12 घंटों में बहुत कम लोग बाहर हुए। आयोजकों के मुताबिक यह प्रतियोगिता 24 घंटे या उससे भी अधिक समय तक खिंच सकती है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी उत्साह के साथ टिके हुए हैं। बुजुर्गों के लिए यह चुनौती आसान मानी जा रही है, लेकिन युवा पीढ़ी का बिना मोबाइल बैठे रहना सभी के लिए दिलचस्प बना हुआ है।*

**▪ कड़े नियम—न मोबाइल, न खाना बाहर से, न उठना...**

*प्रतियोगियों को मोबाइल का उपयोग नहीं, बाहर से खाना लाना मना, वॉशरूम जाना मना, लड़ाई-झगड़ा नहीं, ऊंचा बोलना नहीं। हालांकि आयोजक उनकी जगह पर ही खाना उपलब्ध करवा रहे हैं, ताकि कोई भी अपनी सीट न छोड़े। साथ ही प्रतिभागियों को किताब पढ़ने या अपने धर्म का सिमरन करने की अनुमति भी दी गई है।*

**▪ परिवार और समाज की ओर लौटने का संदेश**

*विक्रमजीत सिंह का कहना है कि इस अनोखे आयोजन से लोगों, खासकर युवाओं को यह बताना है कि मोबाइल से बाहर भी एक दुनिया है। मोबाइल के कारण परिवारों में दूरियां बढ़ रही हैं। तलाक, तनाव, झगड़े, अवसाद—सबके पीछे एक बड़ा कारण मोबाइल लत है। अगर परिवार साथ बैठे, बातचीत करें, तो आधी परेशानियां खुद ही खत्म हो जाती हैं। प्रतियोगिता अभी भी जारी है, और सभी प्रतिभागी अपनी-अपनी सीटों पर जमे हुए हैं। देखना दिलचस्प होगा कि कौन प्रतिभागी सबसे लंबे समय तक बिना हिले-डुले बैठकर इस अनोखी प्रतियोगिता का विजेता बनकर निकलता है।*




# पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा पर पॉक्सो केस की गिरफ्त कसती हुई

## सीक्रेट वीडियो, सीसीटीवी फुटेज, तीन सहयोगी और डिजिटल सबूत चार्जशीट में शामिल, साथ ही सबूत मिटाने का आरोप 2 दिसंबर को कोर्ट में पेश होने के आदेश

**समर न्यूज़ | बेंगलुरु**

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक बीएस येदियुरप्पा एक हाई-प्रोफ़ाइल पॉक्सो मामले में गंभीर कानूनी संकट का सामना कर रहे हैं। 17 वर्षीय रेप पीड़िता की मां द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच ने नए मोड़ ले लिए हैं। सीआईडी ने 750 पन्नों की विस्तृत चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें सीक्रेट वीडियो, सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकॉर्ड्स, डिजिटल फॉरेंसिक रिपोर्ट और गवाहों के बयानों को अहम सबूत बताया गया है।
हाईकोर्ट द्वारा उनकी याचिका खारिज किए जाने के बाद मामला और मजबूत हो गया है। अब बेंगलुरु की एक अदालत ने येदियुरप्पा सहित सभी चार आरोपियों को 2 दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। इससे राजनीतिक और कानूनी हलकों में चर्चा तेज हो गई है कि क्या 82 वर्षीय येदियुरप्पा को अब गिरफ्तार किया जा सकता है।

**क्या हुआ था 2 फरवरी 2024 को** : सीआईडी की चार्जशीट के मुताबिक घटना सुबह करीब 11:25 बजे की है। पीड़िता और उसकी मां रेप केस में मदद मांगने के उद्देश्य से पूर्व सीएम के डॉलर कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंचीं। सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें अंदर भेजा। महिला ने अपनी बेटी पर हुए अत्याचार की जानकारी दी। इसके बाद, आरोप है कि येदियुरप्पा लड़की को अकेले एक कमरे में ले गए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया।
बयान के अनुसार कमरे में उन्होंने लड़की से कई सवाल पूछे और उसके साथ अनुचित व्यवहार करने की कोशिश की। डरी हुई बच्ची ने हाथ छुड़ाकर दरवाजा खोलने को कहा। बाहर आने पर येदियुरप्पा ने उसे और उसकी मां को पैसे देकर कहा कि वे इस मामले में कुछ नहीं कर सकते।

**सबूत दबाने का आरोप, तीन सहयोगी भी चार्जशीट में**

20 फरवरी को महिला ने अपने फेसबुक पेज पर घटना का वीडियो शेयर किया, जो वायरल हुआ।
वीडियो वायरल होने के बाद, आरोप है कि येदियुरप्पा के सहयोगी अरुण वायएम, रुद्रेश और मरीस्वामी महिला के घर पहुंचे और वीडियो हटाने के लिए दबाव डाला।
सीआईडी ने जांच के दौरान घर से 35,000 रुपये नकद, एक बैग और दो फोन बरामद किए।

**दो अन्य वीडियो भी मिले**



पूर्व सीएम येदियुरप्पा -समर न्यूज़

पहले वीडियो में पीड़िता और उसकी मां येदियुरप्पा के घर में प्रवेश करती दिखती हैं। दूसरे वीडियो में महिला उनके करीब बैठकर मदद मांगती दिखाई देती है।
दोनों वीडियो को चार्जशीट में सबूत के रूप में शामिल किया गया है। सीआईडी ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

**येदियुरप्पा की कानूनी टीम का दावा है कि यह राजनीतिक साजिश** : पूर्व सीएम के वकील सीवी नागेश का कहना है कि महिला के आरोपों में सच्चाई नहीं है और यह केस पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है। उनका दावा है कि फरवरी में पीड़िता और उसकी मां कई बार पुलिस अधिकारियों से मिली थीं, लेकिन तब उन्होंने येदियुरप्पा के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया।
वकील का यह भी कहना है कि महिला को मिलने की अनुमति नहीं दी गई थी, लेकिन जब वह रोने लगी तो मानवीय आधार पर उसे घर में आने दिया गया।
पीड़ित परिवार की ओर से संघर्ष जारी अब भी है। शिकायत दर्ज कराने वाली महिला का 26 मई 2024 को फेफड़ों के कैंसर से इलाज के दौरान निधन हो गया। अब उसका 26 वर्षीय बेटा मामले को आगे बढ़ा रहा है। बेटे ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज, मेमोरी कार्ड, हार्ड डिस्क समेत सभी डिजिटल सबूत सौंप दिए हैं।
सोशल मीडिया पर नीड4जसटिस उसने नाम से एक पेज बनाकर अपनी बहन के लिए इंसाफ की मांग की है। उसने वीडियो में सीएम सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से अपील की है कि वे मामले की पैरवी के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता उपलब्ध कराएं।

**एफआईआर** : जांच पर उठ रहे सवाल क्या एफआईआर करने वाली महिला थी 'हैबिचुअल कंप्लेनर कर्नाटक के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. बसवराज इटनाल का कहना है कि मामले की शुरुआत से ही कई विसंगतियां रहीं। उनका दावा है कि शिकायतकर्ता महिला पहले भी कई बड़ी हस्तियों, जिनमें पूर्व पुलिस कमिश्नर भी शामिल हैं, पर गंभीर आरोप लगाती रही थी।

**इटनाल दो बड़ी बातों पर जोर देते हैं-**

1. पॉक्सो गैर-जमानती अपराध है, फिर भी हाईकोर्ट ने उम्र और सामाजिक प्रतिष्ठा के आधार पर गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। इससे यह संकेत मिलता है कि जांच एजेंसियों के पास अभी तक पुख्ता सबूत नहीं हैं।
2. महिला द्वारा पहले भी करीब 50 लोगों पर इस तरह के आरोप लगाने की बात सामने आ चुकी है, इसलिए उसके आरोपों की कठोर जांच जरूरी है।

**राजनीतिक प्रतिक्रियाए, सियासत भी गर्म : कांग्रेस** : कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वैभव शुक्ला ने कहा, "किसी पूर्व मुख्यमंत्री पर पॉक्सो जैसा गंभीर आरोप लगना मामूली बात नहीं है। BJP अपने नेताओं को बचाने के लिए हमेशा चुप्पी साध लेती है। पीड़िता को इंसाफ दिलाने के लिए कांग्रेस सड़क से संसद तक आवाज उठाएगी।"

**बीजेपी** : कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष और येदियुरप्पा के बेटे बीवाई विजयेंद्र ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह "पूरी तरह राजनीतिक षड्यंत्र" है। पार्टी के उपाध्यक्ष बसवराज केलागर ने कहा कि "येदियुरप्पा के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं और सच जल्द सामने आएगा।"
यह मामला अब कानूनी, राजनीतिक और सामाजिक तीनों स्तरों पर चर्चा का केंद्र बना हुआ है। 2 दिसंबर को कोर्ट में पेशी के बाद आगे की दिशा तय होगी कि क्या यह मामला सख्त कार्रवाई की ओर बढ़ेगा या जांच में नए मोड़ सामने आएंगे।

# चलती कार में लगी आग बाल-बाल बचा परिवार



आग की चपेट में आई कार। - समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | जालंधर**

जालंधर दिल्ली नेशनल हाईवे पर फगवाड़ा के फ्लाईओवर पर एक चलती कार में अचानक आग लगी गई। देखते ही देखते कार आग के गोले में बदल गई। हादसे के समय कार में मौजूद पूरा परिवार बाल-बाल बच गया।
जानकारी के अनुसार, कार सवार परिवार खन्ना से जालंधर की ओर जा रहा था।
रास्ते में जैसे ही वाहन फगवाड़ा फ्लाईओवर के पास पहुंचा, गाड़ी ज्यादा गर्म होने या शॉर्ट सर्किट के चलते इंजन से धुआं निकलना शुरू हुआ और अचानक आग भड़क उठी।
आग लगते ही कार चालक ने समझदारी दिखाते हुए तुरंत सभी यात्रियों को वाहन से उतार लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

## इंटरकास्ट शादी पर गुस्सा परिजनों ने युवक का घर जलाया

**समर न्यूज़ | पठानकोट**

इंटरकास्ट शादी को लेकर पंजाब के पठानकोट में बड़ा मामला सामने आया है। लड़की के परिजन शादी से नाराज होकर युवक के घर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू किया। पुलिस ने आरोपित लड़की के दादा मुलखराज सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला थाना सदर क्षेत्र के गांव शामली का है, जहां आकाश ने सोनिया के साथ इंटरकास्ट शादी की थी। पुलिस के अनुसार परिजन रात के समय युवक के घर पहुंचे और पेट्रोल डालकर उसमें आग लगा दी। एसपी सुखविंदर पाल सिंह ने बताया कि आगजनी की मुख्य वजह इंटरकास्ट विवाह ही है। यदि पुलिस टीम समय पर नहीं पहुंचती, तो लपटें आसपास के घरों तक फैल सकती थीं और गांव में बड़ा नुकसान हो सकता था। थाना सदर पुलिस ने आगजनी, साजिश और जान-माल को खतरे में डालने के आरोपों में मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

# श्री मुक्तसर साहिब में बड़ा मामला: संदिग्ध पानी पीने से 6 बकरियों और 12 भेड़ों की मौत

**समर न्यूज़ | श्री मुक्तसर साहिब**

नई अनाज मंडी की पिछली सड़क पर एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां संदिग्ध परिस्थितियों में 6 बकरियों और 12 भेड़ों की अचानक मौत हो गई। पशुपालक असलम खान का आरोप है कि मंडी के पीछे जमा पानी पीने के बाद उनके सभी पशुओं की हालत खराब हो गई और कुछ ही देर में वे तड़प-तड़पकर मर गए। उनका कहना है कि पानी में किसी जहरीले रासायनिक पदार्थ के मिलने की आशंका है।
पीड़ित असलम खान ने बताया कि वह रोज की तरह अपने पशुओं को चारा डालने के लिए मंडी के पीछे खुली जगह पर लाए थे। वहीं गली में पानी जमा था, जिसे भेड़-बकरियों ने पी लिया। पानी पीते ही उनके शरीर फूलने लगे और वे गिरने लगीं। कुछ ही मिनटों में उनके 18 पशुओं की मौत हो गई, जिससे उन्हें लगभग 3 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।




मरे हुए मवेशी। - समर न्यूज़

असलम खान ने इस पानी में जहरीली दवा के मिलने का संदेह जताया है। उनका कहना है कि मंडी के पीछे कई कीटनाशक दुकानदार खेतों में उपयोग होने वाले जहरीले रसायनों और खाद के खाली डिब्बे खुले में फेंक देते हैं, जिससे संभव है कि वह रासायनिक कचरा बारिश के पानी में मिल गया हो।
उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस से तत्काल कार्रवाई की अपील की है, यह कहते हुए कि वहां गरीब परिवारों के बच्चे खेलते हैं और यदि उन्होंने यह पानी छुआ भी, तो बड़ा हादसा हो सकता है। मामले की सूचना पशुपालन विभाग और पुलिस को दे दी गई है।
उपनिदेशक, पशुपालन विभाग ने बताया कि मृत पशुओं का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट होगा। पीड़ित ने जिला प्रशासन से मुआवजे की भी मांग रखी है।

# संसद के शीतकालीन सत्र पर ओम बिरला का आह्वान

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

लोकसभा के 18वें कार्यकाल का छठा एवं शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया। सत्र प्रारंभ होने से पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने सांसदों से सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की और कहा कि संसद राष्ट्र की आकांक्षाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों की सर्वोच्च अभिव्यक्ति का मंच है। ओम बिरला ने 'एक्स' पर जारी संदेश में कहा कि संसद न केवल जनता की अपेक्षाओं को अभिव्यक्त करती है, बल्कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी को भी मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सत्र सांसदों को कर्तव्य, संयम और लोक-कल्याण के प्रति प्रेरित करता है, जिससे जनप्रतिनिधित्व की भावना और व्यापक होती है। बिड़ला ने आशा जताई कि सभी



लोकसभा स्पीकर ओम बिरला

सदस्य लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करते हुए सत्र को अधिक उत्पादक बनाने में सहयोग देंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज केंद्रीय उत्पाद शुल्क विधेयक, 2025 पेश कर सकती हैं, जिसका उद्देश्य केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 में संशोधन करना है। इसके साथ ही वह स्वास्थ्य सुरक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 भी प्रस्तुत कर सकती हैं, जिसके माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े खर्चों के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाए जाएंगे।

# झुंझुनूं में 16 कारों को फूंका, मास्टरमाइंड का मामा-भांजा गिरफ्तार

## 1.5 करोड़ की 16 लग्जरी गाड़ियों को आग लगाने की खौफनाक वारदात ,बदमाशों के अतिक्रमण पर हुआ बुलडोजर एक्शन

**समर न्यूज़ | झुंझुनूं**

झुंझुनूं में 1.5 करोड़ रुपये की 16 लग्जरी गाड़ियों को आग लगाने की खौफनाक वारदात के बाद शहर में दहशत है। वर्कशॉप मालिक ने इसे बदमाश की रंजिश बताया, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने पहले ध्यान नहीं दिया था। घटना के बाद असली मास्टरमाइंड अभी फरार है लेकिन मामा और भांजा पुलिस की गिरफ्त में आ गए।
बीती रात झुंझुनूं शहर में कुछ बदमाशों की ओर से किए गए भीषण अग्निकांड में लगभग एक से डेढ करोड़ रुपए मूल्य की 16 लग्जरी गाड़ियों के फूंकने के मामले में रविवार शाम तक पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करने का दावा किया है। कारों में आग लगने के बाद हुए धमाकों से शहर का एक हिस्सा दहल उठा था। इधर, पुलिस ने बड़ा एक्शन लेते हुए आग लगाने के मामले में मास्टमाइंड के सहयोगी आरोपी दो जनों को गिरफ्तार किया है वहीं आग लगाने वाले आरोपियों के एक आरोपी की ओर से किए अतिक्रमण पर जेसीबी चलाकर उसे ध्वस्त किया गया।

**आरोप- पुलिस ने नहीं दिया ध्यान, बदमाशों ने कर दी वारदात**

इधर, वर्कशॉप मालिक नासिर राठौड़ का दावा है कि इस घटना से उन्हें एक से डेढ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। मन्नत वर्कशाप के संचालक नासिर राठौड़ ने मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया कि इस भीषण अग्निकांड के पीछे बदमाश अनिल कुमावत और उसके साथियों का हाथ है। मालिक का आरोप है कि आग लगाने की घटना से पहले भी बदमाशों ने उसके वर्कशॉप और मन्नत होटल पर तोडफोड़ की थी जिसकी सीसीटीवी फुटेज शहर कोतवाली को उपलब्ध कराई लेकिन पुलिस की प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से बदमाशों के हौसले इस कदर बढ़े कि बीती रात बैखौफ होकर वर्कशॉप में खड़ी गाडियों को आग लगाकर फूंक डाला।
इधर, मामले की गूंज प्रदेश से भी बाहर निकली गई। पुलिस ने इस मामले में अपनी लाज को बचाने के लिए त्वरित एक्शन लिया। एएसपी देवेन्द्र राजावत, डीएसपी गोपालसिंह ढाका, कोतवाल मुकेश नील सहित तमाम पुलिस टीम आरोपियों को पकड़ने के लिए मशक्कत करती रही। रविवार शाम होते होते खबर मिली पुलिस ने आग लगाने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी गोपाल ढाका ने बताया कि भीषण अग्निकांड के मास्टरमाइंड आरोपी अनिल कुमावत और उसके फरार अन्य साथियों की तलाश में चार टीमों को लगाया गया है। जो संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।
झुंझुनूं शहर कोतवाल श्रवण कुमार ने बताया कि इस मामले में अनिल कुमावत के भाई विनोद कुमावत तथा अनिल कुमावत के भांजे निखिल को गिरफ्तार किया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। इस मामले के मास्टरमांइड सहित अन्य सहयोगी बदमाशों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत, सिटी डीएसपी गोपाल सिंह ढाका, सदर सीआई मांगीलाल, एसआई रामनिवास, शहर थानाधिकारी श्रवण कुमार के अलावा एफएसएल की टीम भी पहुंची। एफएसएल की टीम आग लगाने के लिए काम में लिए गए पदार्थ की जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर पेट्रोल या फिर केरोसिन से आग लगाने की संभावना जताई जा रही है। इधर, गैराज में खड़ी 15-16 गाड़ियों के मालिकों ने भी घटना स्थल पर पहुंच कर नुकसान को आंका।
शहर कोतवाल के मुताबिक, पीड़ित पक्ष व आरोपियों में आपसी कहासुनी के बाद अनिल कुमावत ने 14 नवंबर को भी अपने साथियों के साथ मिलकर इमरान भारू की स्कॉर्पिओ के साथ तोड़फोड़ की थी। जिसके बाद पुलिस ने अनिल कुमावत और उसके साथी साबिर को गिरफ्तार कर लिया था। पाबंद भी किया गया था। लेकिन जमानत मिलने के बाद अनिल कुमावत ने वापिस मन्नत मोटर्स के एक अन्य गैराज और मन्नत रेस्टोरेंट पर भी पत्थर और केरोसिन की बोतल फेंकने जैसी वारदात की थी। जिसमें अनिल कुमावत पर शक जताया गया था। इसलिए पुलिस इसकी जांच कर रही थी। इसी दरमियान बीती रात को अनिल कुमावत ने फिर से ये वारदात कर दी। जिसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।
पुलिस ने इसी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के अलावा अब नगर परिषद के सहयोग वांटेड बदमाश अनिल कुमावत के गिरफ्तार भाई विनोद कुमावत द्वारा अतिक्रमण कर बनाई गई दुकान को जेसीबी चलवाकर पुलिस ने हटवा दिया है। नगर परिषद के सफाई निरीक्षक सतवीर ने बताया कि पुलिस और प्रशासन से निर्देश मिले थे कि सगीरा सर्किल पर एक अतिक्रमण है। जिस पर जेसीबी चलाई गई है। एक काउंटर, दो फ्रीज समेत अन्य सामान जब्त किया गया है। इधर, कार्रवाई के दौरान कोल्ड ड्रिंक्स की बोतले सड़क पर बिखर गई। जिसे बड़ी संख्या में बच्चे उठाकर ले जाते हुए दिखाई दिए। वहीं कार्रवाई के दौरान ही विनोद कुमावत के परिजनों ने विरोध किया। दो परिजनों को पुलिस ने डिटेन किया और कथित अतिक्रमण हटाया।

# इन्वेस्ट पंजाब की टीम जापान और दक्षिण कोरिया का करेगी दौरा

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाब सरकार निवेश आकर्षित करने के अपने अंतरराष्ट्रीय अभियान को और तेज करते हुए दिसंबर के पहले सप्ताह में जापान और दक्षिण कोरिया का दौरा करने जा रही है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा, वरिष्ठ अधिकारियों और इन्वेस्ट पंजाब की टीम से बना एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल 2 से 9 दिसंबर तक टोक्यो, ओसाका और सियोल में व्यावसायिक कार्यक्रमों में भाग लेगा।
यह वैश्विक मिशन मार्च 2026 में आईएसबी मोहाली में होने वाले 6वें प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन के लिए निवेशकों से सीधा जुड़ाव बढ़ाने की बड़ी पहल का हिस्सा है। दौरे के दौरान पंजाब सरकार जापानी और कोरियाई कंपनियों के साथ बैठकों, रोड शो और बी2बी सत्रों के माध्यम से राज्य में उपलब्ध निवेश अवसरों को प्रस्तुत करेगी। प्रतिनिधिमंडल पंजाब की रणनीतिक स्थिति, एनसीआर और बंदरगाहों से बेहतर कनेक्टिविटी, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति, प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क, आसान स्वीकृति प्रणाली, फास्टट्रैक सिंगल-विंडो सेवाएँ और नीतिगत सुधारों को अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के सामने रखेगा। सरकार का लक्ष्य इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो कंपोनेंट्स, खाद्य प्रसंस्करण, ग्रीन ऊर्जा, टेक्सटाइल और उन्नत विनिर्माण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि पंजाब निवेशकों को स्थिर नीतियां, त्वरित फैसले और साझेदारी आधारित विकास मॉडल प्रदान कर रहा है। मंत्री संजीव अरोड़ा ने इसे "नए वैश्विक संबंधों और भरोसे को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण कदम" बताया। सरकार को उम्मीद है कि यह अंतरराष्ट्रीय मिशन पंजाब की वैश्विक छवि को मजबूत करेगा और जापान व दक्षिण कोरिया सहित अंतरराष्ट्रीय बाजारों से दीर्घकालिक निवेश आकर्षित करेगा।

## पंजाब पुलिस के रिटायर्ड एएसआई चोपड़ा की सड़क हादसे में मौत



एएसआई की फाइल फोटो समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | गुरुहरसहाय**

पंजाब पुलिस से रिटायर्ड एएसआई पवन कुमार चोपड़ा की सड़क हादसे में दुखद मौत हो गई। घटना देर शाम उस समय हुई जब वह अपनी मोटरसाइकिल पर घर की ओर लौट रहे थे। लखोके बहराम थाना इंचार्ज हेड परमजीत कौर ने बताया कि पवन कुमार चोपड़ा गांव करिया के पास पहुंचे ही थे कि उनकी मोटरसाइकिल अचानक खराब हो गई। उन्होंने गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और इसी दौरान तेज रफ्तार में गुजर रही एक अज्ञात गाड़ी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

# पुलिस कस्टडी में नरिंदरदीप सिंह की मौत

## पंजाब ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइज़ेशन ने इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट जारी की

**समर न्यूज़ | बठिंडा**

पंजाब ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइज़ेशन ने पुलिस कस्टडी में हुई नरिंदरदीप सिंह की मौत पर अपनी जांच रिपोर्ट जारी करते हुए बठिंडा पुलिस के CIA स्टाफ-II पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संगठन का कहना है कि 23 मई को नरिंदरदीप सिंह को अवैध रूप से हिरासत में लेकर बठिंडा IIT परिसर के भीतर एक गुप्त 'टॉर्चर सेल' में बेरहमी से प्रताड़ित किया गया, जिसके कारण उसकी मौत हुई। टीम ने मृतक के परिजनों और एक चश्मदीद गगनदीप सिंह के बयान दर्ज किए और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में शरीर पर 16 चोटों की पुष्टि हुई है, जिनमें एक चोट निजी अंग पर भी दर्ज है। संगठन का दावा है कि ये चोटें किसी दुर्घटना का नतीजा नहीं,



बल्कि पुलिस टॉर्चर—संभवतः इलेक्ट्रिक शॉक—का परिणाम हैं। वहीं पुलिस ने मौत को कार दुर्घटना बताने की कोशिश की, लेकिन कार की स्थिति और चश्मदीदों के बयानों ने इस दावे को कमजोर कर दिया है। उल्लेखनीय है कि केस में FIR दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी भी पुलिस अधिकारी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। PHRO के चेयरमैन जस्टिस रंजीत सिंह (रि.) और वाइस-चेयरमैन डॉ. प्यारा लाल गर्ग ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से हिरासत में हुई टॉर्चर से मौत का मामला है और CIA स्टाफ-II के अधिकारी जिम्मेदार हैं। उन्होंने मेडिकल बोर्ड की उस अंतिम रिपोर्ट पर अविश्वास जताया है जिसमें मौत का कारण ओपियेट्स और बेंजोडायजेपाइन टॉक्सिसिटी बताया गया था।

**रिफ्लेक्टर** | प्रशासन से नाराज- 40 दिनों में 4 मौतों के बाद उठाई आवाज

# नागरिकों ने खुद उठाया डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर लगाने का जिम्मा

**समर न्यूज़ | नाभा (पटियाला)**

सर्कुलर रोड पर बढ़ते हादसों से परेशान नाभा निवासियों ने आखिरकार खुद ही डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर लगाने का जिम्मा उठाया। बौड़ां गेट चौक के पास स्थानीय लोगों ने पुराने टायरों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर उन्हें डिवाइडर पर रख दिया, ताकि कोहरे के मौसम में सड़क स्पष्ट दिखाई दे और गाड़ियां डिवाइडर से न टकराएं। लोगों का कहना है कि इस काम पर आए खर्च का बिल सरकार को भेजा जाएगा और उससे भुगतान की मांग भी की जाएगी।
पिछले 40 दिनों में इस सड़क पर चार लोगों की मौत और कई हादसों में गंभीर चोटें आने के बाद शहरवासियों का धैर्य टूट गया था। संवाद ग्रुप की अगुवाई में नागरिकों




सड़क किनारे बैनर लेकर खड़े नागरिक - समर न्यूज़

ने सड़क किनारे खड़े होकर बैनरों के ज़रिए ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए जनजागरूकता अभियान भी चलाया।
इस मौके पर एडवोकेट रीत इकबाल सिंह मझैल ने कहा कि प्रशासन को यह काम सर्दियों की शुरुआत से पहले कर देना चाहिए था, लेकिन लोकल प्रशासन की लापरवाही ने शहर को बार-बार खतरे में डाला है। उन्होंने बताया कि सड़क पर अवैध कब्जे दोबारा बढ़ चुके हैं और तेज रफ्तार गाड़ियों पर रोक लगाने के लिए ट्रैफिक पुलिस भी कोई ठोस कदम नहीं उठा रही।
गुरमीत सिंह ने कहा कि कोहरे के मौसम में सड़क पर सफेद पट्टी लगाना सबसे जरूरी था, लेकिन प्रशासन ने अब तक इसकी शुरुआत भी नहीं की। उन्होंने कहा कि वे अगले सप्ताह सफेद पट्टी लगाने के लिए कोटेशन सरकार को भेजेंगे और आवश्यकता पड़ने पर फंड लेकर यह काम स्वयं करेंगे।
विरोध प्रदर्शन में शहर के कई व्यापारी, वकील, शिक्षक, गृहिणियां और अन्य नागरिक शामिल हुए। सभी ने दोनों तरफ खड़े होकर बैनरों के माध्यम से प्रशासन को जागरूक होने की अपील की और राहगीरों से संयमित गति से वाहन चलाने की अपील भी की। करीब दो घंटे चले इस प्रदर्शन में लोगों ने रिफ्लेक्टर लगाने के लिए काफी मेहनत की और प्रशासन से सर्कुलर रोड पर तत्काल ट्रैफिक प्रबंधन सुधारने की मांग की।

## मैं बोलूंगा तो...

# फ्री मेडिकल कैंप में मिली बदमाशी की दवाई



समर न्यूज | जालंधर

लो जी, पुलिस ने इस बार ऐसा कमाल कर दिखाया कि बॉलीवुड के निर्देशक भी सिर पकड़कर बैठ जाएँ। कहानी भी बिल्कुल फिल्मी अंधेरी रात, चार बदमाश, मां-बेटी पर जुल्म और अगले ही दिन पुलिस की गाड़ियाँ गांव में ऐसे घुसीं जैसे कोई नई वेब सीरीज़ की शूटिंग शुरू होने वाली हो।

सीसीटीवी देखा तो पता लगा कि बदमाश वार्ड नंबर–1 के ही थे। पर दिक्कत ये कि उनके चेहरे तो साफ दिख गए, पर नाम कौन बताए? अब आमतौर पर पुलिस यहाँ-वहाँ छापा मारती है, पूछताछ करती है, कुछ लोगों की नींद हराम करती है मगर इस बार पुलिस ने ब्रह्मास्त्र निकाला, मेडिकल कैंप!

जी हाँ, असली डॉक्टरों को आराम मिल गया, और पुलिस वाले सफ़ेद कोट पहनकर देश की सबसे क्रिएटिव OPD खोल बैठे "वार्ड नंबर–1 चेकअप एंड पकड़ाउ केंद्र" कैंप में बीपी भी चेक हो रहा था, विटामिन भी दिया जा रहा था, और मोतियाबिंद का भी आशीर्वाद मिल रहा था।

लोग वैसे ही कैंप पर टूट पड़े जैसे शादी में मुफ्त मिठाई मिलती हो। और पुलिस ने सोच लिया बदमाशों की पहचान करवानी है तो थोड़ा "लालच" डालना ही पड़ेगा। सो केलों और सेबों की रिश्वत बांटी जाने लगी।

अब एंट्री होती है तीनों हीरो मतलब विलन—साजन, रॉकी और अर्श की। ये लोग शायद समझ रहे थे कि मुफ्त फल मिलते हैं तो कोई क्यों ना जाए? मगर जैसे ही उन्होंने फल पकड़ने को हाथ बढ़ाया, मां-बेटी के दिल में लाइट जल गई, "बस यही हैं! यही तीनों हैं!"

और पुलिस वालों ने बिना एक पल गँवाए, स्टेथोस्कोप उतारकर हथकड़ी निकाल ली। लोग पीठ मसलवा रहे थे, और उधर तीनों मर्दानगी के ठेकेदार मेडिकल कैंप से सीधे सेंटर जेल कैंप की ओर रवाना हो गए।

अब रही बात चौथे बदमाश राजन की—वो अभी फरार है। शायद अगले हफ्ते तक कोई दूसरा कैंप लगेगा—"फ्री दंत उपचार + बदमाश पकड़ो योजना।"

ग्रामीणों को अब समझ आ गया है कि पुलिस सिर्फ लाठी और लाल बत्ती से नहीं, बल्कि केले से भी अपराध सुलझाती है।

वैसे जनता तो बस यही चाहती है कि मां-बेटी को इंसाफ मिले पर मज़ा इस बात में है कि इस केस में अपराधियों को पकड़ने का तरीका इतना फिल्मी था कि सलमान खान भी स्क्रिप्ट मांग ले "भाई, अगली एक्शन फिल्म इसी पर बना दे! कुल मिलाकर, वार्ड नंबर–1 में हुए इस ड्रामे ने साबित कर दिया कि बदमाश चाहे कितने भी तेज हों, मुफ्त के सेब-केले देखकर फँस ही जाते हैं। और पुलिस? पुलिस ने तो बता दिया "हम डॉक्टर नहीं, लेकिन इलाज बढ़िया करते हैं!"

**#MainBolungaTo #SummerExpress #SummerNews #BakwaasBulletin #SatireShots #FakeSeriousNews**

## Good DAY

समर न्यूज | लुधियाना



*नई सुबह हमेशा अपने साथ कई नई उम्मीदें, ताज़गी भरी ऊर्जा और अनगिनत अवसर लेकर आती है। आज का दिन भी आपके लिए एक नया आरंभ है ऐसा आरंभ जिसमें आप खुद को और अपने आसपास की दुनिया को थोड़ा बेहतर बना सकते हैं। कदम आगे बढ़ाते रहें और विश्वास रखें कि आपका हर प्रयास आपको अपने सपनों के और करीब ले जा रहा है।*

**खुशबू जिंदल**
**फैशन लाइफस्टाइल इन्फ्लुएंसर**

# केंद्र सरकार एनसीआर की प्रदूषण योजना पर पुनर्विचार करे : SC

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और संबंधित अधिकारियों को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए अपनी कार्ययोजना पर फिर से विचार करने का सुझाव दिया ताकि यह देखा जा सके कि क्या इससे कोई प्रभावी बदलाव आया है। सीजेआई कांत ने कहा कि आप अपनी कार्ययोजना पर फिर से विचार क्यों नहीं करते ताकि खुद देख सकें कि क्या आपने कोई प्रभावी बदलाव लाए हैं? और अगर लाए हैं, तो क्या वे ज़रूरत से कम हैं? हमें लगता है कि यह मूल्यांकन करना ज़रूरी है कि आपकी कोई भी कार्ययोजना प्रभावी, अप्रभावी या कम प्रभावी साबित हुई है या नहीं। इस बारे में आपकी हिचकिचाहट या आत्मविश्वास के बावजूद कि क्या आप प्रभावी बदलाव ला पाएँगे, क्या कार्ययोजना पर फिर से विचार करना सही नहीं है? अब तक आपने जो कदम उठाए हैं, उनका मूल्यांकन करें। सुप्रीम कोर्ट ने सीएक्यूएम का प्रतिनिधित्व कर रही अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी से पूछा कि पराली जलाने के अलावा और कौन से कारक वायु प्रदूषण में वृद्धि में योगदान करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उस वर्ग (किसानों) पर दोष मढ़ना बहुत आसान है जिनका न्यायालय में प्रतिनिधित्व नहीं होता। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि बढ़ते वायु प्रदूषण के पीछे पराली जलाने के अलावा अन्य कारकों के वैज्ञानिक विश्लेषण पर भी विचार करने की आवश्यकता है। पराली जलाना तो आम बात थी। 4-5 साल पहले लोग नीला आसमान क्यों देख पाते थे? अब क्यों नहीं? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह वायु प्रदूषण मामले की हर महीने कम से कम दो बार सुनवाई करेगा। इसने स्वीकार किया कि सर्दियों के मौसम के बाद स्थिति शांत हो सकती है, लेकिन इस संबंध में, "इतिहास खुद को दोहराएगा। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 10 दिसंबर के लिए स्थगित कर दी। जबकि न्यायालय प्रदूषण नियंत्रण में व्यवस्थागत खामियों पर विचार-विमर्श कर रहा था, दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब बनी रही।

## अमृतसर से श्रीगंगानगर तक हथियारों की सप्लाई लाइन का बड़ा खुलासा

# सीमा पर कड़ी निगरानी, फिर भी ड्रोन तस्करी जारी

गुरशरण सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

भारत–पाकिस्तान सीमा पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, हाई-टेक निगरानी तंत्र और चौकन्नी खुफिया एजेंसियों के बावजूद पाकिस्तान समर्थित तस्करों की गतिविधियां रुकने का नाम नहीं ले रहीं। पिछले कुछ महीनों में पंजाब और राजस्थान से लगातार सामने आ रहे मामलों ने साफ कर दिया है कि सीमा पार बैठा नेटवर्क अब आधुनिक ड्रोन तकनीक का सहारा लेकर भारत में हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी को नए स्तर पर ले जा चुका है। अमृतसर, गुरदासपुर, लुधियाना और श्रीगंगानगर में हाल ही में हुए खुलासों ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है और यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर सीमा की सुरक्षा को हाई-टेक ड्रोन किस तरह चुनौती दे रहे हैं।



**▪ केस स्टडी1 :-**
*13 नवंबर को लुधियाना पुलिस ने दस आतंकियों के मॉड्यूल का खुलासा करते हुए चीन निर्मित 86P हैंड-ग्रेनेड बरामद किए थे। इस षड्यंत्र में श्रीगंगानगर निवासी अवि विश्वकर्मा की भूमिका सामने आई। वह ISI से निर्देश लेकर हथियार सप्लाई कर रहा था। उसका भाई भी इसी तरह के मामलों में जेल में बंद है।*

**▪ केस स्टडी 2:-**
*20 नवंबर को लुधियाना पुलिस ने श्रीगंगानगर निवासी रामलाल और अबोहर के दीपक उर्फ दीपू को गिरफ्तार किया, जिनके पास से दो हैंड-ग्रेनेड और पांच पिस्तौल बरामद हुए। दोनों पाकिस्तानी हैंडलर जसवीर उर्फ चौधरी के निर्देश पर ड्रोन के जरिए हथियार मंगवाते थे। इनके तार लॉरेंस बिश्नोई गैंग तक जुड़े मिले।*

**▪ केस स्टडी 3:-**
*27 नवंबर को राजस्थान के श्रीगंगानगर पुलिस ने पुलिस ने श्रीगंगानगर के हारीपुरा निवासी रॉकी उर्फ राकेश नेहरा को गिरफ्तार किया। वह रामलाल और दीपक को हथियार सप्लाई करने वाली मुख्य कड़ी था।*

**▪ केस स्टडी 4:-**
*1 दिसंबर को दो तस्करों जुगराज सिंह और बलविंदर सिंह को गिरफ्तार किया गया। इनसे सात आधुनिक पिस्तौल बरामद हुईं, जिनमें PX5 और .30 बोर शामिल हैं। दोनों आरोपी पाक हैंडलर के संपर्क में थे, जो व्हाट्सएप के जरिए डिलीवरी पॉइंट और ड्रोन ड्रॉप लोकेशन भेजकर पूरी तस्करी चेन को संचालित करता था। पुलिस अब मोबाइल डेटा, नेटवर्क लिंक और डिजिटल सबूतों की गहराई से जांच कर रही है, ताकि पूरे मॉड्यूल की पर्तें खोली जा सकें।*

**▪ केस स्टडी 5:-**
*1 दिसंबर को गुरदासपुर में पुराने शाला स्थित दऊवाल मोड़ पर पुलिस और दो बदमाशों के बीच मुठभेड़ ने मामला और गंभीर बना दिया। नवीन और कुश नामक दोनों आरोपी पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल होकर गिरफ्तार हुए। उनसे दो पिस्तौल मिले, जबकि एक काले बैग से हैंड-ग्रेनेड बरामद हुआ। एसपी युवराज सिंह की टीम को शुरुआती जांच में पता चला कि दोनों आरोपी कुछ दिन पहले थाना सिटी गुरदासपुर पर हुए ग्रेनेड हमले में भी शामिल थे।*

### श्रीगंगानगर है इनका सेफ रूट

*इन मामलों से ये सामने आया है कि राजस्थान का श्रीगंगानगर जिला पाकिस्तान के तस्करों के लिए हथियार गिराने का सबसे सुरक्षित और सक्रिय रूट बन चुका है। सीमा का बड़ा हिस्सा खेतों और कच्चे इलाकों से होकर गुजरता है, जहां आबादी कम है और ड्रोन की आवाजाही आसानी से पकड़ में नहीं आती। यही नहीं, पंजाब से सीधी कनेक्टिविटी होने के कारण हथियार कुछ ही घंटों में राज्य के विभिन्न जिलों तक पहुंच जाते हैं। ड्रग नेटवर्क पहले से सक्रिय होने के कारण नई सप्लाई चेन तुरंत तैयार हो जाती है*

### ड्रोन का खतरा एजेंसियां सतर्क

*गुजरात एटीएस ने भी 11 नवंबर को तीन संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया था, जिनके पास मिले हथियारों के बारे में पता चला कि वे ड्रोन के माध्यम से राजस्थान में गिराए गए थे। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई ने भी पूछताछ में स्वीकार किया कि वह पाकिस्तान से हथियार मंगवाने के लिए इसी रूट का इस्तेमाल करता रहा है। आईएसआई अब लंबी दूरी तय करने वाले हाई-टेक ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। ये ड्रोन बड़ी मात्रा में हथियार उठाकर एक बार में भारत के अंदर कई किलोमीटर तक पहुंचा सकते हैं।*

### एजेंसियों की निगरानी बढ़ी, चुनौती बरकरार

*लगातार मॉड्यूल पकड़ने के बावजूद सीमा पार से ड्रोन तस्करी का खतरा कम होने की बजाय और उभरकर सामने आ रहा है। सुरक्षा एजेंसियों ने अब श्रीगंगानगर क्षेत्र में निगरानी और कड़ी कर दी है, लेकिन ड्रोन की तकनीक और सीमा की भौगोलिक स्थिति इसे रोकने में बार-बार चुनौती बनी हुई है। पंजाब पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों का कहना है कि सरहद पार से संचालित हो रहे हर मॉड्यूल को पूरी तरह खत्म करने के लिए संयुक्त कार्रवाई जारी है। नई तकनीक आधारित निगरानी प्रणालियों को तेज़ी से लागू किया जा रहा है, ताकि हथियारों की यह सप्लाई लाइन पूरी तरह तोड़ी जा सके।*

# झुग्गी में रहने वाला रैपिडो ड्राइवर, खाते में 331 करोड़!

## ईडी की जांच में खुला बड़ा मनी-लॉन्ड्रिंग रैकेट

एजेंसी | नई दिल्ली

ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क की छानबीन करते हुए एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) को एक ऐसा खुलासा मिला, जिसने अफसरों को हैरान कर दिया। दिल्ली में रहने वाला एक रैपिडो बाइक-टैक्सी ड्राइवर जो रोज़ 500–600 रुपये की आमदनी पर गुज़ारा करता है और दो कमरों की झुग्गी में रहता है। उसके खाते में 331.36 करोड़ रुपये का लेनदेन मिला है। यह मामला तब सामने आया जब एजेंसी ने 1xBet ऑनलाइन बेटिंग नेटवर्क के शक़ी ट्रांज़ैक्शनों को ट्रैक किया और ड्राइवर के खाते में हुई भारी रकम की एंट्री पर नज़र पड़ी। एजेंसी को जांच में पता चला कि यह खाता उन रैकेट्स द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 'म्यूल अकाउंट' जैसा है—जहां कमजोर या अनजान लोगों के नाम पर खाता खुलवाकर उनके KYC का इस्तेमाल कर अपराधी अपना पैसा इधर-उधर करते हैं। ऐसे खातों का उद्देश्य होता है: असली स्रोत छुपाना, ट्रांज़ैक्शन की श्रृंखला को जटिल बनाना, किसी भी जांच से बच निकलना।

**▪ सिर्फ 8 महीने में 331 करोड़ का खेल...**

*अधिकारियों के अनुसार, 19 अगस्त 2024 से 16 अप्रैल 2025 के बीच ड्राइवर के खाते में लगातार रकम आती रही और कुल लेन-देन 331.36 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। जब टीम उसके बैंक रिकॉर्ड में दर्ज पते पर पहुंची, तो वहां एक बेहद साधारण झुग्गी मिली। ड्राइवर ने पूछताछ में कहा कि उसे इन पैसों के बारे में कोई जानकारी नहीं है—न किसने भेजा, न किसके लिए भेजा।*

**▪ खाते से हुई फाइव-स्टार शादी की पेमेंट...**

*जांच को और चौंकाने वाली बात यह मिली कि इसी खाते से नवंबर 2024 में उदयपुर के एक फाइव-स्टार होटल में हुई डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए 1 करोड़ से ज्यादा की पेमेंट की गई थी। इन पैसों से डेकोरेशन, रूम बुकिंग, फ्लीट सर्विस, इवेंट मैनेजमेंट जैसे बिल चुकाए गए, जबकि ड्राइवर का उस शादी करने वाले परिवार से कोई लेना-देना नहीं था। अधिकारियों का कहना है कि ड्राइवर के खाते को बिना उसकी जानकारी के पूरी तरह से लॉन्ड्रिंग चैनल बना दिया गया था।*

# यूपी में बड़ा फेरबदल! भागवत-योगी मीटिंग के बाद संघ ने तेज की फीडबैक ड्राइव

एजेंसी | लखनऊ



लखनऊ में सियासी तापमान इन दिनों बिना चुनाव के ही काफी बढ़ा हुआ है। यूपी संगठन और राज्य कैबिनेट में व्यापक फेरबदल की चर्चाओं के बीच, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले दो हफ्तों से मंत्रियों, ब्यूरोक्रेट्स और पार्टी नेताओं से अलग-अलग बैठकों में गहराई से फीडबैक ले रहा है।

सबसे अहम मुलाकात 24 नवंबर को हुई—जब आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने अयोध्या स्थित संघ कार्यालय साकेत निलयम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ एक घंटे तक लंबी बैठक की। इसके बाद लखनऊ में 18 से 26 नवंबर के बीच संघ पदाधिकारियों की एक दर्जन से अधिक रणनीतिक मीटिंग्स हुईं।

बीजेपी और संघ से जुड़े सूत्र बताते हैं कि इन बैठकों में शासन की रफ्तार, योजनाओं के असर और प्रशासन की कार्यशैली पर सीधी समीक्षा की गई। यह पूरा अभ्यास ऐसे समय में हो रहा है, जब पार्टी संगठन और सरकार, दोनों में बड़े बदलाव की तैयारी मानी जा रही है।

**401 और उससे ऊपर: गंभीर (स्वस्थ लोगों को भी नुकसान)**

**▪ भाजपा अध्यक्ष बदलने की उलटी गिनती शुरू...**

बीजेपी के यूपी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। पार्टी किसी भी वक्त नया अध्यक्ष घोषित कर सकती है। दावेदारों में केशव प्रसाद मौर्य, धर्मपाल सिंह, बी.एल. वर्मा नाम सबसे आगे बताए जा रहे हैं। पार्टी इस पद पर नॉन-यादव ओबीसी चेहरे को प्राथमिकता देना चाहती है।

**▪ कैबिनेट में भी बड़े बदलाव के संकेत...**

सूत्रों का कहना है कि नए सामाजिक समीकरण साधने के लिए कैबिनेट में कई नए चेहरे जोड़े जा सकते हैं। फीडबैक समन्वय का काम यूपी बीजेपी नेता और राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य और किसान मोर्चा अध्यक्ष कमेश्वर सिंह ने किया—दोनों ही संघ के बेहद करीबी माने जाते हैं। एक अहम बैठक पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह के आवास पर हुई, जिसे "सेवा क्षेत्र" श्रेणी में रखा गया। इसमें आरएसएस की गौ-सेवा विंग के प्रतिनिधि शामिल हुए और आवारा पशु प्रबंधन, गौ-आश्रय निर्माण और पशुपालकों की योजनाओं के बारे में चर्चा हुई।

**▪ 'साइलेंट रिव्यू' मॉडल- अंदरूनी लेकिन प्रभावी...**

अवध ज़ोन के आरएसएस स्पेशल कम्युनिकेशन चीफ प्रशांत भाटिया, जिन्हें सरकार और संघ के बीच अहम कड़ी माना जाता है, कई बैठकों में मौजूद रहे। उन्होंने भले ही विशिष्ट जानकारी साझा करने से इनकार किया, लेकिन यह स्वीकार किया कि ऐसी बैठकें रूटीन का हिस्सा हैं; यह हमारा फीडबैक सिस्टम है।

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

## आलोचना का असली जवाब विराट कोहली ने शतक से दिया

# तुम फैसले ले सकते हो, लेकिन कहानी मैं लिखूंगा अपने बल्ले से

कमलेश शर्मा | चंडीगढ़
समर न्यूज

राँची में विराट कोहली की 135 रन की पारी सिर्फ़ एक शतक नहीं थी। यह उनके करियर के सबसे कठिन अध्यायों के बाद दिया गया सबसे बड़ा जवाब थी। पिछले नौ महीनों से 52वें शतक का इंतज़ार, ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो 'डक्स', और हर मैच के बाद उठता एक ही सवाल-"क्या विराट 2027 वर्ल्ड कप तक खेल पाएँगे?" यह दबाव मैदान से ज़्यादा ड्रेसिंग रूम और बोर्डरूम से आ रहा था।

2021–22 के विवाद आज भी भारतीय क्रिकेट की सबसे बहस–योग्य घटनाएं हैं। सितंबर 2021 में टी20 कप्तानी छोड़ने के बाद विराट ने टेस्ट और वनडे नेतृत्व जारी रखने की इच्छा जताई, लेकिन BCCI ने दिसंबर में अचानक उन्हें वनडे कप्तानी से हटा दिया। विराट के अनुसार, यह निर्णय उन्हें महज़ 90 मिनट पहले बताया गया था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका में हार और बढ़ते मतभेदों के बीच उन्होंने टेस्ट कप्तानी भी छोड़ दी। यह सब क्रिकेटिंग तर्क से ज़्यादा राजनीतिक माहौल जैसा था।

तभी से एक हवा बन गई—"विराट का समय खत्म हो रहा है।" आलोचना ने इतना शोर किया कि बल्लेबाज़ की हर इनिंग एक राष्ट्रीय



बहस बन गई। लेकिन राँची में कोहली ने जिस अंदाज़ में 135 रन बनाए, वह सिर्फ़ फॉर्म में वापसी नहीं थी—वह सत्ता, राजनीति और आलोचना पर खेल से दिया गया सबसे क्लासिक जवाब था।

मैच से दो दिन पहले ही राँची पहुँचकर उन्होंने तीन बार बल्लेबाज़ी की, पिच को पढ़ा, हालात को महसूस किया और मानसिक रूप से खुद को तैयार किया। और फिर मैच के दौरान वही विराट वापस नज़र आए—सिर स्थिर, स्ट्राइड परफ़ेक्ट, गेंद को देर तक देखने वाला पुराना क्लासिक बल्लेबाज़। शतक पूरा करने वाले स्लाइस शॉट की टाइमिंग किसी बयान जैसी थी-"मैं अभी ख़त्म नहीं हुआ।"

हेलमेट उतारकर हवा में मुक्का मारने का उनका जश्न बस खुशी नहीं था; यह महीनों से जमा आलोचना, दबाव और सवालों के खिलाफ़ खुली चुनौती थी। और जब रोहित शर्मा तक अपनी सीट से कूद पड़े- तालियाँ, मुस्कान और कैमरे में कैद अनफ़िल्टर्ड रिएक्शन, तो यह साफ़ था कि यह सिर्फ़ एक रन–माइलस्टोन नहीं, बल्कि एक भावनात्मक मुक़ाम था।

पारी के बाद उनके खुद के शब्द और भी ज़्यादा गूंजे: "मैं अब रिटायरमेंट तक सिर्फ़ एक-फ़ॉर्मेट खेलूँगा—लेकिन भारत के लिए पूरी निष्ठा से।" रांची का यह शतक सिर्फ़ क्रिकेट नहीं था-यह था विराट कोहली का बोर्ड और आलोचकों से कहना: "तुम फैसले ले सकते हो, लेकिन कहानी मैं लिखूँगा अपने बल्ले से।"

# सीएम नायब सिंह सैनी ने ज्योतिसर में किया गीता पूजन

## 21,000 स्कूलों के विद्यार्थी और युवाओं ने किया गीता का पूजन, आज रहेगी स्कूलों में छुट्टी

समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र





मंच पर मौजूद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, बाबा रामदेव व अन्य लोग। - समर न्यूज़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को गीता स्थली ज्योतिसर पहुंचे और पवित्र भगवद् गीता का पूजन कर हवन यज्ञ में आहुति अर्पित की। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेंद्र सिंह और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र की धरती पर गीता का संदेश युवाओं और समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत वैश्विक गीता पाठ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले भर के लगभग 21,000 स्कूल बच्चे और युवाओं ने भाग लिया।

वैश्विक गीता पाठ में योगाचार्य स्वामी रामदेव के साथ कई संत और धार्मिक गुरु भी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य भगवद् गीता के संदेश को विश्व स्तर पर फैलाना और युवा पीढ़ी में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाना है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गीता का ज्ञान न केवल व्यक्तिगत जीवन में मार्गदर्शन प्रदान करता है, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों और संस्कारों को भी मजबूत करता है।

उन्होंने उपस्थित बच्चों और युवाओं से आह्वान किया कि वे गीता के शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं। उन्होंने कहा कि गीता के अष्टादश श्लोक से पूरा आकाश गूंज उठा है। यह हमारे लिए बहुत ही खुशी की बात है कि भारत के साथ-साथ अनेक देशों में गीता के श्लोक गूंजे। इस गीता पाठ के केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक महत्व भी है। यह अपने आप में एक प्रार्थना भी है। नायब सैनी ने कहा कि गीता, वेदों और उपनिषदों से भी बड़ा ग्रंथ है। विज्ञान मानता है कि गीता के पाठ से प्राणी को नई ऊर्जा लती है। साथ ही मन को सुकून मिलता है और विचारों में नैतिकता आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 सितंबर 2014 को अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा को गीता भेंट की थी। इसके बाद 2016 से महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाने लगा। कार्यक्रम के बाद सीएम नायब सैनी ने कल मंगलवार को स्कूलों की छुट्टी का ऐलान किया।

ज्योतिसर में आयोजित हवन यज्ञ और पूजन कार्यक्रम के बाद वैश्विक गीता पाठ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में देशभर से आए प्रतिभागियों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय गणमान्यों ने भाग लिया। यह आयोजन कुरुक्षेत्र को धर्म और संस्कृति का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाने की दिशा में एक और कदम है। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन ने कार्यक्रम की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण डिजिटल प्लेटफॉर्म पर किया गया, ताकि भगवद् गीता का संदेश हर घर तक पहुंच सके।

# एसटीएफ ने सात शूटर हथियारों सहित पकड़े

## आरोपियों से आठ पिस्टल, 200 जिंदा कारतूस बरामद



एसटीएफ की गिरफ्त में आरोपी - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | सोनीपत

हरियाणा एसटीएफ ने अपराध जगत में सक्रिय रोहित गोदारा गैंग के नेटवर्क पर बड़ी चोट करते हुए सात शूटरों को गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान टीम ने आरोपियों से आठ पिस्टल और 200 जिंदा कारतूस बरामद किए, जिनका इस्तेमाल बड़ी आपराधिक वारदातों में किया जाना था। गिरफ्तार शूटरों का सीधा लिंक हरियाणा सहित उत्तर प्रदेश, बिहार और पंजाब राज्यों से है, जिससे गैंग के इंटर-स्टेट नेटवर्क का खुलासा हुआ है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रोहित निवासी कटवाल गांव सोनीपत, मोहम्मद साजिद मूल निवासी रसूलपुर सहारनपुर उत्तर प्रदेश, मानव कुमार निवासी खगरिया बिहार, विकास पाल गोरखपुर उत्तरप्रदेश, हैप्पी निवासी बूटगढ़ पटियाला, जबरजंग निवासी संजय कॉलोनी पटियाला, विजय निवासी खेड़ी गुर्जर मोहाली के रूप में हुई है। एसटीएफ का कहना है कि ये शूटर प्रदेश में गैंगवार और सुपारी किलिंग जैसी गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में थे। बड़ी मात्रा में हथियार बरामद होने से स्पष्ट है कि आरोपी किसी बड़ी वारदात की तैयारी में थे। एसटीएफ टीम अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर गैंग के अन्य सदस्यों, हथियार सप्लाई चेन और फंडिंग नेटवर्क की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# अंबाला कैंट स्टेशन पर 14 रुपये की पानी की बोतल 20 में बेच रहे

समर न्यूज़ | अंबाला

अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर रेल नीर पानी की बोतलें तय मूल्य से अधिक दाम पर बेचे जाने का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। रेलवे द्वारा 14 रुपए की तय एमआरपी के बावजूद स्टॉल संचालकों द्वारा यात्रियों से 20 रुपए वसूले जाने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।यात्रियों का आरोप है कि यदि कोई अधिक दाम पर बेचने का विरोध करता है तो स्टॉल संचालकों द्वारा बदतमीजी से बात करते हुए बोतल देने से ही इनकार कर दिया जाता है। यही स्थिति ट्रेनों के अंदर पानी बेचने वाले वेंडरों की भी बताई जा रही है।

इसके साथ ही स्टेशन पर 10 रुपए की चाय 15 रुपए में और 20 रुपए के नमकीन के पैकेट 30 रुपए में बेचे जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। यात्रियों ने विशेष रूप से स्टेशन के काउंटर नंबर 1 से सबसे अधिक ओवर रेटिंग की शिकायत की है। यात्रियों का कहना है कि रेलवे प्रशासन की नाक के नीचे यह सब हो रहा है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई अब तक नजर नहीं आई। अंबाला रेल मंडल के सीनियर डीसीएम ने बताया कि निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की शिकायतें पिछले कुछ दिनों से मिली हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

# परिवार का दावा, सीबीआई अब हत्या की दिशा में बढ़ा रही जांच

## मनीषा मौत मामला : परिजन बोले, पहले पुलिस ने हत्या कहा फिर आत्महत्या

समर न्यूज़ | गुहला



मृतक मनीषा के साथ पिता की फाइल फोटो। - समर न्यूज़

भिवानी, भिवानी की टीचर मनीषा की मौत का रहस्य एक बार फिर गहराता जा रहा है। परिवार ने बड़ा दावा किया है कि सीबीआई अब मामले को हत्या के रूप में देख रही है और आत्महत्या की संभावना को लगभग खारिज कर चुकी है।

पीड़िता के पिता संजय ने बताया कि जांच एजेंसी ने उन्हें आश्वस्त किया है कि जल्द ही महत्वपूर्ण खुलासा किया जाएगा। मनीषा का पोस्टमॉर्टम रोहतक पीजीआई में तीन डॉक्टरों के बोर्ड ने किया था, जिसमें शरीर से मोनो-क्लोरफॉस नामक कीटनाशक मिलने के आधार पर इसे आत्महत्या बताया गया। हालांकि, परिवार के लगातार विरोध और सवालों के चलते दिल्ली एम्स में दोबारा पोस्टमार्टम हुआ। संजय के अनुसार एम्स की रिपोर्ट ने पीजीआई की रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। सीबीआई ने बताया है कि सुसाइड नोट, कॉल डिटेल और मेडिकल रिपोर्ट की मिलान प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

एजेंसी इस केस को हत्या की दिशा में आगे बढ़ा रही है। पिता संजय ने कहा कि परिवार पर संलिप्तता के आरोप लगाया जाना दुखद है। उन्होंने कहा कि अगर हम ही शामिल होते तो न्याय के लिए धरने पर क्यों बैठते।

गांव ढाणी लक्ष्मण में परिवार और ग्रामीण रविवार को सांकेतिक धरने पर बैठे, जहां उन्होंने निष्पक्ष जांच और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग दोहराई। सीबीआई अब तक चार से पांच बार परिवार से पूछताछ कर चुकी है। टीम भिवानी के कई दौरे कर चुकी है और तकनीकी व साइंटिफिक एविडेंस इकट्ठा कर चुकी है।

अभी तक एजेंसी ने आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन परिवार को महत्वपूर्ण प्रगति की जानकारी दी है। मनीषा 11 अगस्त को प्ले स्कूल ड्यूटी पर गई थी और इसके बाद नर्सिंग कॉलेज एडमिशन के लिए निकली थी। 13 अगस्त को उसका शव गांव सिंघानी के खेतों में मिला।

पुलिस ने इसे पहले हत्या बताया, फिर आत्महत्या बताया, जिसके बाद विरोध तेज हुआ और मामला सीबीआई को सौंपा गया। परिवार को उम्मीद है कि जल्द ही सीबीआई सच सामने लाएगी और दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

# सोनीपत-चीका में कैश ऑन डिलीवरी ठगी की घटनाएं बढ़ी

समर न्यूज़ | गुहला

इंटरनेट और ऑनलाइन शॉपिंग के जरिए होने वाली ठगी अब एक नए रूप में सामने आ रही है। अब नकली या घटिया गुणवत्ता के सामान के साथ कैश ऑन डिलीवरी पार्सल के माध्यम से भी लोगों को ठगा जा रहा है। स्थानीय महिला ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनके घर पर अक्सर ऑनलाइन ऑर्डर आते रहते हैं, लेकिन यह हमेशा भरोसेमंद पोर्टल या एप्लीकेशन से ही आता था। हाल ही में उन्हें उनके नाम से एक पार्सल आया, जो एक विश्वसनीय डिलीवरी वेबसाइट के जरिए भेजा गया था। भरोसा होने के कारण उनके पति ने पैकेज की राशि जमा कर दी। लेकिन जब पार्सल खोला गया, तो उसमें बहुत ही घटिया और नकली कपड़े निकले। इसमें एक टी-शर्ट तो इतनी खराब थी कि ऐसा लग रहा था जैसे किसी सुनसान जगह से उठाकर पैक की गई हो। दो अन्य कपड़े भी अत्यंत निम्न गुणवत्ता के थे।

महिला ने बताया कि उन्होंने ऐसा ऑर्डर कभी नहीं दिया था। ऑनलाइन ठगों ने उनका पता और नाम लेकर यह चालाकी से ठगी की। वापसी का कोई पता या संपर्क नंबर उपलब्ध नहीं था, जिससे नुकसान और बढ़ गया। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे पार्सल आमतौर पर विश्वसनीय डिलीवरी साइटों पर भेजे जाते हैं, जिससे डिलीवरी ब्वॉय कॉल करके भुगतान करवाता है। लोग सोचते हैं कि परिवार के किसी सदस्य ने ऑर्डर किया होगा और राशि जमा कर देते हैं। खुलने पर पता चलता है कि सामान घटिया या नकली है।

# हिसार को मिले 149 कचरा वाहन, स्वच्छता व्यवस्था मजबूत



कचरा वाहन को हरी झंडी दिखाते हुए मंत्री व अन्य नेता। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | हिसार

शहर में स्वच्छता इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए नगर निगम ने 149 नए कचरा संग्रहण वाहनों को सेवा में शामिल किया। नई सोच, नया हिसार अभियान के तहत शुरू की गई इस पहल का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, मेयर प्रवीण पोपली और निगमायुक्त नीरज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि नए वाहनों के आने से घर-घर कचरा संग्रहण और सफाई व्यवस्था और अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और तेज होगी। उन्होंने इस कदम को शहर के स्वच्छता प्रबंधन में बड़ा सुधार बताया। मेयर प्रवीण पोपली ने इसे पर्यावरण के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण पहल करार देते हुए कहा कि नई व्यवस्था न केवल सफाई तंत्र को प्रभावी बनाएगी, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगी।

# लाखनमाजरा नेशनल हाईवे पर बड़ा हादसा, दो स्कूल बसों में टक्कर

समर न्यूज़ | रोहतक




हादसे में क्षतिग्रस्त स्कूल बसें। - समर न्यूज़

जींद-रोहतक नेशनल हाईवे-71 पर सोमवार सुबह लाखनमाजरा के पास दो स्कूल बसों की टक्कर में छह बच्चे और दो लोग घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 7:45 बजे हुआ, जब ग्लोबल स्कूल, भगवतीपुर की बस बच्चों को लेकर स्कूल की ओर जा रही थी। पुलिस के अनुसार, ग्लोबल स्कूल की बस जुलाना की तरफ से लाखनमाजरा की ओर आ रही थी। जैसे ही बस हाईवे के कट से नीचे उतरने लगी, उसी समय शाहपुर (जींद) के विकास हाई स्कूल की बस रोहतक से जींद की ओर बढ़ रही थी। तेज रफ्तार में आई विकास स्कूल की बस ग्लोबल स्कूल की बस के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ग्लोबल स्कूल की बस सड़क किनारे पलट गई, जबकि विकास स्कूल की बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

घायल बच्चों को तुरंत लाखनमाजरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी ले जाया गया। छात्रा वान्या, छात्र हिमांशु और अन्य बच्चों का प्राथमिक उपचार किया गया। दो छात्रों की हालत को देखते हुए उन्हें रोहतक पीजीआई ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जबकि बाकी बच्चों को मामूली चोटें आईं। जांच में पता चला है कि विकास हाई स्कूल, शाहपुर की बस में हादसे के समय स्कूल के बच्चे नहीं थे। बस एक परिवार को रेवाड़ी में हुए शादी समारोह से वापस लेकर आ रही थी। दूसरी ओर, ग्लोबल स्कूल की बस में बच्चे सवार थे और लाखनमाजरा से और बच्चों को बस में चढ़ाया जाना था।

# नशेड़ी युवकों ने मजदूरों और मालिक से की मारपीट

समर न्यूज़ | पानीपत

छाजपुर के पास नशे में धुत युवकों ने घर लौट रहे तीन मजदूरों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और उनसे नकदी छीन ली। हमले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे फैक्ट्री मालिक के बेटों पर भी आरोपियों ने हमला बोल दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित लेबर लोकेश, साहिल और रूस्तम काम समाप्त कर निम्बरी गांव के पास पहुंचे ही थे कि वहां मौजूद नशेड़ी युवकों ने उनसे झगड़ा करना शुरू कर दिया। थोड़ी ही देर में विवाद बढ़ा और आरोपियों ने मजदूरों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान उनके पास रखे पैसे भी छीन लिए गए। घायल मजदूर किसी तरह खुद को बचाते हुए पास की एक दुकान में घुस गए। सूचना मजदूरों ने फैक्ट्री सुपरवाइजर मुकेश को दी। हार्डवेयर दुकानदार सोनू ने मजदूरों से फोन करने की बात को लेकर विवाद बढ़ाया और फिर उनके साथ दोबारा मारपीट कर दी।

# ओलंपिक मेडलिस्ट रवि दहिया ने रिचा संग रचाई शादी

## बिना दहेज लिए की शादी, समाज को दिया दहेज प्रथा के खिलाफ संदेश

समर न्यूज़ | गोहाना



रवि दहिया रिचा के साथ स्टेज पर दोस्तों के साथ फोटो खिंचवाते हुए - समर न्यूज़

अंतरराष्ट्रीय पहलवान और ओलंपिक पदक विजेता रवि दहिया ने रिचा के साथ शादी के सात फेरे लेकर जीवन की नई शुरुआत की। यह शादी अत्यंत सादगी और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न हुई, जिसमें दहेज और महंगे उपहारों का प्रयोग नहीं किया गया। इस कदम के जरिए दहिया और उनके परिवार ने समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया कि विवाह में दहेज नहीं, प्रेम और सम्मान सबसे महत्वपूर्ण हैं। रवि दहिया अपनी बारात लेकर नाहरी गांव से बिलबिलान पहुंचे। रिचा के पिता ने स्कूल में विवाह समारोह का आयोजन किया। रवि ने रथ पर सवार होकर पारंपरिक स्वागत स्थल तक बारात का मार्च पूरा किया। रिचा के भाई ने मंच पर लड्डू खिलाकर रस्म पूरी की, जबकि बहनों ने नीम झरना, आरता और रिबन कटवाने जैसी पारंपरिक रस्मों में भाग लिया। इस दौरान दूल्हा पक्ष ने हल्के-फुल्के मजाक और पारंपरिक बोलों से माहौल को खुशनुमा बनाया।

रिचा की एंट्री स्टेज पर फिल्मी हीरोइन जैसी रही। स्टाइलिश चश्मा और पारंपरिक दुल्हन के लिबास में वह बेहद खूबसूरत दिख रही थीं। वरमाला की रस्म के दौरान रवि ने अपनी अर्धांगिनी को अंगीकार किया। रिचा ने बताया कि वह वर्तमान में एमए जियोग्राफी की पढ़ाई कर रही हैं और नेट की तैयारी में लगी हैं। उन्होंने कहा कि यह विवाह उनके लिए एक सपना सच होने जैसा है और वह सरल, सादगी पसंद परिवार में शामिल होने को लेकर खुश हैं। रवि दहिया ने कहा मैं अकेला ऐसा नहीं हूं। यह परंपरा पहले भी निभाई जाती रही है। जब पिता बेटी को देता है, इससे बड़ा कोई दहेज नहीं हो सकता। उन्होंने बिना दान-दहेज और महंगे समारोह के विवाह कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। इस शादी ने न केवल ओलंपियन के जीवन की सादगी को दर्शाया, बल्कि दहेज प्रथा के खिलाफ एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

वायु गुणवत्ता

## एक्यूआई 329 पहुंचा, लोगों से सतर्क रहने की सलाह

# सोनीपत देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर

समर न्यूज़ | सोनीपत



धुंध की तस्वीर - समर न्यूज़

कोयंबटूर के बाद सोनीपत देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर बन गया है। रविवार को यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई 329 दर्ज किया गया जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। एक्यूआई के अनुसार जिले का एक्यूआई 182 रहा। नवंबर महीने में 20 दिन एक्यूआई 300 के पार रहा, जिससे शहर की हवा लंबे समय तक गंभीर रूप से प्रदूषित रही।

विशेषज्ञों के अनुसार, सोनीपत में प्रदूषण बढ़ने के कई प्रमुख कारण हैं। औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण कार्य, वाहनों से निकलने वाला धुआं और शादियों में आतिशबाजी जैसी गतिविधियों ने हवा की गुणवत्ता बिगाड़ दी है। ठंड के बढ़ने और हवा के दबाव के कम होने से पीएम-2.5 और पीएम-10 कण शहर में जम रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य जोखिम और बढ़ गया है।

नवंबर में 10 तारीख को एक्यूआई 300 के पार गया और अगले दिन यह 381 तक पहुंच गया। लगातार 15 दिन तक यह स्तर 300 से ऊपर बना रहा। 25 नवंबर को एक्यूआई में सुधार आया, और 27 नवंबर को जिला प्रशासन ने ग्रैप-3 की पाबंदियां हटा दी थीं। इसके बाद हवा की गुणवत्ता फिर से बिगड़ गई और एक्यूआई 300 के पार पहुंच गया। मौसम और प्रदूषण विशेषज्ञ नागरिकों से सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। लोगों को सुबह-शाम अनावश्यक बाहर जाने से बचने, मास्क पहनने और धूल-प्रदूषण से बचाव के उपाय अपनाने की चेतावनी दी गई है।

प्रमुख प्रदूषित शहरों की स्थिति कोयंबटूर 346, सोनीपत 329, बहादुरगढ़ 322, मंडी गोबिंदगढ़ 317, दिल्ली 276, केंद्र और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की निगरानी के बावजूद प्रदूषण बढ़ रहा है। अब संभावित है कि निर्माण कार्यों पर निगरानी बढ़ाई जाएगी, औद्योगिक इकाइयों की जांच होगी, सड़क पर पानी का छिड़काव बढ़ेगा और वाहनों पर कड़े कदम उठाए जाएंगे। सोनीपत के नागरिकों के लिए यह चेतावनी है कि हवा की गुणवत्ता गंभीर रूप से खराब है और स्वास्थ्य पर तत्काल असर पड़ सकता है।

# शॉर्ट सर्किट से आग लगने से दो मंजिला करियाना दुकान जलकर खाक, नुकसान

समर न्यूज़ | अंबाला



दुकान में लगी आग को बुझाता हुए दमकल विभाग का कर्मचारी। - समर न्यूज़

बब्याल रोड स्थित अग्रवाल कॉम्प्लेक्स में सोमवार सुबह एक दो मंजिला किराना दुकान में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगते ही दुकान से घना धुआं उठने लगा, जिसे देखकर आसपास के लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी दुकान आग की चपेट में आ गई।

सूचना मिलते ही दमकल की एक टीम मौके पर पहुंची और करीब तीस मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोग भी बुझाने में सहयोग करते दिखे, लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। दुकान के मालिक पवन सहगल ने बताया कि बीती रात वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे।

सुबह फोन पर आसपास के लोगों से दुकान में आग लगने की खबर मिली। जब वह मौके पर पहुंचे तो दुकान की दोनों मंजिलें धुएं और आग से पूरी तरह प्रभावित थीं। उन्होंने बताया कि दुकान में रखा लाखों रुपये का किराना सामान और कुछ कीमती सामग्री जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। दमकल विभाग ने भी अनुमान जताया है कि दुकान के अंदर तारों की खराबी के कारण स्पार्क हुआ होगा, जिससे आग ने कुछ ही पलों में विकराल रूप ले लिया।

# 100 बिस्तरों का आधुनिक ईएसआईसी अस्पताल जल्द होगा तैयार

समर न्यूज़ | अंबाला

हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया कि अंबाला छावनी में ईएसआईसी का सौ बिस्तरों वाला अत्याधुनिक अस्पताल बनाने का रास्ता साफ हो गया है। एचएसवीपी को 16 दिसंबर 2025 तक सेक्टर-33 भाग-1 में भूमि आवंटन का औपचारिक पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके बाद ईएसआईसी निर्माण कार्य शुरू करेगा। विज ने कहा कि यह अस्पताल साहा औद्योगिक क्षेत्र सहित हजारों बीमित श्रमिकों और उनके परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगा। अस्पताल में मेडिसिन, सर्जरी, स्त्री रोग, बाल रोग, आईसीयू, आपातकालीन सेवाएं और उन्नत जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# जाखू मंदिर में होगा बड़े स्तर पर सौंदर्यीकरण, गर्भगृह के आसपास चांदी से होगी नक्काशी

संजू | शिमला
समर न्यूज

श्री हनुमान मंदिर न्यास समिति जाखू की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें मंदिर परिसर के व्यापक विकास से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में यह तय किया गया कि मंदिर के गर्भगृह के चारों ओर चांदी से भव्य नक्काशी करवाई जाएगी। इस प्रस्ताव को न्यास ने आधिकारिक मंजूरी प्रदान कर दी है। विशेष बात यह है कि इस नक्काशी पर आने वाला पूरा खर्च एक दानकर्ता स्वयं वहन करेगा।

न्यास के अनुसार, दानकर्ता ने पहले ही यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया था कि वह गर्भगृह क्षेत्र में चांदी की कलात्मक नक्काशी कराना चाहता है। इसके बाद न्यास ने इस संबंध में विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर बैठक में रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति मिल गई। नक्काशी के अंतिम डिज़ाइन को मंजूरी देने की जिम्मेदारी एसडीएम, न्यास के सदस्य और जिला भाषा अधिकारी को संयुक्त रूप से सौंपी गई है। बैठक में एक और बड़ा निर्णय लेते हुए हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किए गए मास्टर प्लान को भी स्वीकृति दी गई। लगभग 5 करोड़ 67 लाख रुपये की अनुमानित लागत वाले इस प्लान में यज्ञशाला, शू हाउस, नए शौचालय, दुकानें और श्रद्धालुओं के लिए शेड जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, जाखू मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट को लेकर प्रगति रिपोर्ट भी बैठक में प्रस्तुत की गई। बताया गया कि वेबसाइट निर्माण अंतिम चरण में है और इसे एक सप्ताह के भीतर पूरी तरह तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बैठक में एसी टू डीसी देवी चंद ठाकुर, सहायक आयुक्त नगर निगम भुवन शर्मा, एसडीएम शहरी ओशीन शर्मा, तहसीलदार अपूर्व शर्मा, जिला भाषा अधिकारी अनिल हारटा सहित कई न्यास सदस्य और गणमान्य उपस्थित रहे।


जाखू मंदिर। - समर न्यूज

# बाल विवाह मुक्त लक्ष्य : मंडी में कार्यशाला में दिलाई गई शपथ


कार्यशाला में बाल विवाह मुक्त भारत शपथ दिलाते हुए। - समर न्यूज

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज

मंडी में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बाल विवाह उन्मूलन और गोद ग्रहण की कानूनी प्रक्रिया पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में 15 विभागों के कर्मचारियों और विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर बाल अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम और अडॉप्शन की सही प्रक्रिया के बारे में लोगों को जागरूक करना था जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने बताया कि नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2019-21 के अनुसार देश में 23.3 प्रतिशत विवाह ऐसे हैं, जिनमें लड़कियों की आयु 18 वर्ष से कम पाई गई। लोगों में जागरूकता की कमी के कारण यह समस्या अब भी समाप्त नहीं हो सकी है। इस स्थिति को सुधारने के लिए केंद्र सरकार ने 27 नवंबर 2024 से देशव्यापी बाल विवाह मुक्त भारत अभियान शुरू किया है। इस अभियान का लक्ष्य दिसंबर 2024 तक बाल विवाह के प्रतिशत को घटाकर 10 करना और वर्ष 2030 तक भारत को पूरी तरह बाल विवाह मुक्त राष्ट्र बनाना है।

# तंबाकू बिक्री पर सख्ती, हर दुकानदार के लिए लाइसेंस अनिवार्य

अरविंद। हमीरपूर
समर न्यूज

हमीरपुर जिले में तंबाकू उत्पादों की अनियंत्रित बिक्री पर रोक लगाने के लिए अब पंचायत से लेकर नगर निगम स्तर तक लाइसेंस प्रणाली को अनिवार्य कर दिया गया है। नए नियमों के तहत कोई भी दुकानदार बिना वैध लाइसेंस के बीड़ी, सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री नहीं कर सकेगा। पंचायत क्षेत्र के दुकानदारों को पंचायत सचिव से अनुमति लेनी होगी, जबकि नगर निगम सीमाओं के अंदर आने वाले व्यापारियों को निगम कार्यालय से लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा। नगर निगम हमीरपुर के आयुक्त राकेश शर्मा ने बताया कि निगम काफी समय से दुकानदारों को लाइसेंस बनवाने के लिए प्रेरित कर रहा है, लेकिन अपेक्षाओं के अनुरूप सहयोग नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान स्थिति में केवल 50 दुकानदारों ने ही आवेदन दायर किए हैं, जबकि शहर में तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों की संख्या इससे कई गुना अधिक है।

# होमगार्ड इंचार्ज की त्वरित सीपीआर से चिंतपूर्णी में श्रद्धालु की जान बची

विकास। चिंतपूर्णी
समर न्यूज

विश्वप्रसिद्ध शक्तिपीठ मां चिंतपूर्णी मंदिर में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सुगम दर्शन पास बनवाने के लिए लाइन में खड़ा एक श्रद्धालु अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। यह घटना लिफ्ट के पास बनी सुगम पास एंट्री लाइन में हुई, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। अचानक हुए इस घटनाक्रम से लोगों में घबराहट फैल गई। इसी दौरान मौके पर ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड इंचार्ज सरदार पूर्ण सिंह ने स्थिति को तुरंत संभालते हुए बिना समय गंवाए बेहोश श्रद्धालु को प्राथमिक सहायता देना शुरू किया। उन्होंने तुरंत सीपीआर देना आरंभ किया और करीब दस मिनट तक लगातार प्रयास करते रहे। उनकी त्वरित प्रतिक्रिया रंग लाई और कुछ ही देर बाद श्रद्धालु ने धीरे-धीरे होश में आना शुरू कर दिया। उनकी सतर्कता से बड़ा हादसा होने से टल गया।श्रद्धालु के होश में आने के बाद भी पूर्ण सिंह रुके नहीं। उन्होंने तुरंत मंदिर अधिकारी की गाड़ी मंगवाकर उसे चिंतपूर्णी अस्पताल पहुंचवाया, जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार प्रदान किया। चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार अब श्रद्धालु की हालत पूरी तरह स्थिर है और उसे किसी प्रकार का खतरा नहीं है। मंदिर परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों की तेज कार्रवाई एक बार फिर यह साबित करती है कि समय पर दिया गया सीपीआर किसी व्यक्ति की जान बचाने में कितना महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। यदि होमगार्ड इंचार्ज समय रहते सीपीआर न देते, तो स्थिति गंभीर रूप ले सकती थी।


परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मी। - समर न्यूज

# हमीरपुर में पदभार संभालते ही सक्रिय हुए नए एसपी बलबीर सिंह

अरविंद। हमीरपूर
समर न्यूज

प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान को सशक्त बनाने के लिए हमीरपुर पुलिस अब और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएगी। नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह ने सोमवार को कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि जिले को नशे की गिरफ्त से पूरी तरह बाहर लाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारियों में शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे के खिलाफ जारी 'वार अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान को और व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा तथा इसे जनभागीदारी से मजबूत बनाया जाएगा। एसपी बलबीर सिंह ने कहा कि नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस लगातार रणनीतियों में बदलाव कर रही है। आने वाले दिनों में जिला पुलिस उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देगी जहाँ नशे का अवैध व्यापार फैलने की आशंका अधिक है।

# भारतीय जनता पार्टी की रैली जोरावर स्टेडियम में ही होगी : जयराम ठाकुर

समर न्यूज | धर्मशाला

विधान सभा के अपोजिशन लाउंज में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार की नाकामी को जनता के बीच लाने से लिए भारतीय जनता पार्टी ने 4 दिसंबर को जन आक्रोश रैली का आयोजन कर रही हैं। प्रशासन द्वारा जोरावर स्टेडियम में रैली करने की अनुमति दी गई थी। हमने निर्धारित शुल्क भी जमा कर दिया था। लेकिन अब प्रशासन रैली ग्राउंड बदलना चाह रहा है। यह किसी भी सूरत में हमें स्वीकार नहीं है। भारतीय जनता पार्टी की रैली जोरावर स्टेडियम में ही होगी। इस रैली से सरकार को उखाड़ फेंकने की शुरुआत होगी। सरकार की हर एक नाकामी पर प्रदेशवासियों के जरिए सरकार से जवाब मांगा जाएगा। उनकी हर गारंटियों का, हर जन विरोधी निर्णय का जवाब मांगा जाएगा। सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश में बने हुए माहौल से सरकार में डर का माहौल है। इसी वजह से सरकार भारतीय जनता पार्टी की रैली को रोकना चाहती है।

जहां भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में भीड़ जुटती है। सरकार प्रशासनिक अधिकारियों के जरिए हमारे ग्राउंड की अनुमति रद्द करने या फिर इसी तरह के हथकंडे अपनाती है। इस बार हम सरकार को स्पष्ट करना चाहते हैं कि उनकी कोई भी साजिश कामयाब नहीं होगी। रैली पूर्व निर्धारित जोरावर स्टेडियम में ही होगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह सरकार किसी भी तरह से लोकतंत्र को मानती नहीं है और संविधान में विश्वास नहीं रखती है।

2 दिन पहले जब पेंशनर्स द्वारा रैली के लिए अनुमति मांगी गई थी तब भी सरकार ने उन्हें जोरावर स्टेडियम में रैली की अनुमति नहीं दी। जिसकी वजह से स्थितियां असहज हुई। पेंशनर को सरकार न तो उनका हक दे रही है और न ही उनकी बात सुन रही है। ऐसे में सवाल यह है कि वे लोग कहां जाएंगे? किससे अपनी शिकायतें करेंगे?

जिस उम्र में उन्हें चैन से अपने परिवार के साथ होना चाहिए वह लोग धर्मशाला के ग्राउंड में धक्के खा रहे हैं और सरकार उनकी बातें सुनने की बजाय रास्ता बदलकर अलग रास्ते से निकल जा रही है। मैं उनसे मिला। उनकी बातें सुनी। उसी दिन हमने विधानसभा में उनके हक के लिए आवाज भी उठाई थी।


पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर। - समर न्यूज

# तेंदुओं की मौजूदगी से रात में बाइक सवार बरतें सावधानी

विकास। चिंतपूर्णी
समर न्यूज



चुराह वन मंडल में हाल के महीनों में तेंदुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे वन विभाग उत्साहित भी है और सतर्क भी। वन क्षेत्रों में बढ़ रही तेंदुओं की मौजूदगी अब सड़कों और कुछ रिहायशी इलाकों में भी दिखाई देने लगी है। कई स्थानों पर तेंदुए रात के समय मुख्य मार्गों पर बेखौफ घूमते हुए देखे गए हैं, जिसे देखते हुए वन विभाग ने लोगों—विशेषकर बाइक सवारों—को एहतियात बरतने की सलाह दी है। वन विभाग का कहना है कि अंधेरा होने पर तेंदुए अक्सर भोजन और पानी की तलाश में जंगलों से बाहर निकलकर सड़कों को पार करते हैं। ऐसे में अचानक तेंदुए के सामने आने से दुर्घटना या हमला होने का खतरा बना रहता है। विभाग ने सभी पंचायत प्रधानों को निर्देश जारी किए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें और रात के समय दोपहिया वाहनों से अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दें। यदि यात्रा जरूरी हो, तो लोगों को चारपहिया वाहनों का इस्तेमाल करने की अपील की गई है, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) सुशील कुमार गुलेरिया ने मीडिया से बातचीत में बताया कि विभाग पिछले काफी समय से तेंदुओं की बढ़ती संख्या पर नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि तेंदुए अब जंगलों से निकलकर सड़क मार्गों और कुछ बस्ती क्षेत्रों तक भी पहुंच रहे हैं, जो चिंता का विषय है।डीएफओ गुलेरिया ने यह भी स्पष्ट किया कि सुरक्षा के लिहाज से लोगों को सतर्क रहना बेहद जरूरी है। यदि किसी गांव या आबादी के आसपास तेंदुए दिखाई दें, तो इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दें।

# चिट्टा माफिया के लिए कोई स्थान नहीं, सूचना देने वाले को किया जाएगा पुरस्कृतः मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री एंटी-चिट्टा जागरूकता वॉकथॉन का नेतृत्व करते हुए। - समर न्यूज

समर न्यूज | धर्मशाला

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिले के धर्मशाला में एंटी-चिट्टा जागरूकता वॉकथॉन का नेतृत्व किया। यह वॉकथॉन दाड़ी ग्राउंड से शुरू होकर पुलिस ग्राउंड में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों के साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। वॉकथॉन के दौरान बच्चे नशा विरोधी नारे लगाते हुए ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहे।

मुख्यमंत्री स्वयं दाड़ी ग्राउंड से पुलिस ग्राउंड तक बच्चों के साथ पैदल चले। कई स्थानों पर उन्होंने बच्चों से बातचीत की और उन्हें इस लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक उनके साथ सेल्फी ली। पुलिस ग्राउंड पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने चिट्टा माफिया को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि देवभूमि में नशा तस्करों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्षों से पीआईटी एण्ड एनडीपीएस अधिनियम को लागू नहीं किया गया था, लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार ने इसे प्रभावी रूप से लागू किया है और अब तक 46 बड़े तस्करों को इस कानून के तहत हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि नशे से कमाए गए हर अवैध धन को जब्त किया जाएगा और राज्य सरकार ने इस अधिनियम को पूरी तरह लागू कर नशे में संलिप्त लोगों पर कड़ी कर्रवाई सुनिश्चित की है। अब तक 46 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया हिमाचल है और जब तक चिट्टे का अंतिम अंश भी समाप्त नहीं हो जाता, तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। यह केवल तस्करों के खिलाफ लड़ाई नहीं, बल्कि उनके पूरे नेटवर्क और नशा माफिया को जड़ से उखाड़ने की दिशा में एक निर्णायक संघर्ष है। उन्होंने कहा कि जो भी हमारी आने वाली पीढ़ी को नशे की ओर धकेलने की कोशिश करेगा, वह सीधे जेल जाएगा और उसका खेल यहीं खत्म होगा।

# एम्स बिलासपुर के दो छात्र सड़क हादसे का शिकार, एक की मौत

सुभाष। बिलासपूर
समर न्यूज

डॉक्टर बनने का सपना संजोए एम्स बिलासपुर में पढ़ रहे दो एमबीबीएस छात्रों की रात एक दर्दनाक हादसे में बदल गई। कीरतपुर–नेरचौक फोरलेन पर पडगल के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना में राजस्थान के बुहाना, तहसील थली के रहने वाले अखिलेश (पुत्र विक्रम सिंह) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय वह अपने साथी छात्र आयुष कुमार के साथ स्कूटी पर जा रहे थे।

हरियाणा के फ़रीदाबाद के सेक्टर–88 खेरी कलां स्थित एसआरएस रेजीडेंसी के निवासी आयुष गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और एम्स बिलासपुर की ICU में उपचाराधीन हैं, जहाँ उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। दोनों छात्र दिनभर हॉस्टल से बाहर थे और देर रात 11 से 12 बजे के बीच यह दुर्घटना हुई।स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और अस्पताल को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुँची और दोनों को तुरंत एम्स बिलासपुर पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने अखिलेश को मृत घोषित कर दिया।




**दुर्घटना की वजह पर सवाल, सीसीटीवी ने नहीं दिया सुराग**

पडगल चौक पर लगे सीसीटीवी कैमरे की तकनीकी खराबी ने जांच की दिशा को और उलझा दिया है। फुटेज उपलब्ध न होने से यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि स्कूटी अनियंत्रित होकर गिरी या फिर किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मारी।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी ने बताया कि फिलहाल अज्ञात वाहन/व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि तकनीकी टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज रिकवर होने के बाद दुर्घटना का सही कारण सामने आ सकेगा।

# एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू का 300 किमी साइक्लिंग अभियान सफल



विंग कमांडर कुनाल शर्मा और स्कूल कॉलेज के छात्र। - समर न्यूज

समर न्यूज | शिमला

हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू द्वारा कुल्लू से शिमला तक आयोजित 300 किलोमीटर लंबी साइक्लिंग एक्सपेडिशन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गई। यह अभियान शारीरिक फिटनेस, नशा-निवारण, एयरो-मॉडलिंग और सशस्त्र बलों में करियर की प्रेरणा जैसे उद्देश्यों को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया था। समापन अवसर पर शिमला स्थित जतोग कैंट में ब्रिगेडियर हरप्रीत सिंह, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय शिमला ने कैडेट्स को फ्लैग-इन कर सम्मानित किया। अभियान के दौरान कैडेट्स ने 16 स्कूलों और 5 कॉलेजों में कुल 3,400 से अधिक छात्रों को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया।

टीम ने बंजार, जलोड़ी दर्रा, आनी, लुहरी, कमरसीन, मटियाना, नारकंडा, संधू, चिखड़ और ठियोग जैसे कठिन हिमालयी मार्गों पर साइक्लिंग करते हुए तीखी चढ़ाइयों और बदलते मौसम का सामना किया। अभियान का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा 10,800 फीट ऊंचे जलोड़ी दर्रे को पार करना रहा, जिसे कैडेट्स ने अदम्य साहस के साथ पूरा किया।इस अभियान की विशेष उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में एयरो-मॉडलिंग के लाइव डेमो रहे। छात्रों को ड्रोन संचालन, स्थिर विमान मॉडल और फ्लाइंग मॉडल एयरक्राफ्ट के प्रदर्शन दिखाए गए, जिससे उनमें विमानन, एरोनॉटिक्स और रक्षा क्षेत्र में तकनीकी करियर को लेकर उत्साह बढ़ा।

अभियान को विकसित भारत अभियान से भी जोड़ा गया, जिसके तहत नशा-निवारण, स्वस्थ जीवनशैली, सशस्त्र बलों में करियर मार्गदर्शन, टीमवर्क, फिटनेस और भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान जैसे उद्देश्यों को शामिल किया गया।

# कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष पूरी तरह विफल : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बिंदल


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बिंदल प्रेस वार्ता करते हुए। - समर न्यूज

राकेश। ऊना
समर न्यूज

प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 11 दिसंबर को कांग्रेस सरकार अपने तीन साल पूरे कर रही है और इस अवसर पर मंडी में जश्न की तैयारी कर रही है, लेकिन यह जश्न नहीं बल्कि विफलताओं के तीन वर्षों पर पर्दा डालने का प्रयास है। बिंदल ने आरोप लगाया कि इन तीन वर्षों में प्रदेश की कानून-व्यवस्था लगातार बिगड़ी है और अपराध की घटनाएं प्रदेशभर में आम हो गई हैं। ऊना, कांगड़ा, चंबा, सिरमौर और किन्नौर तक गोलीकांड और आपराधिक वारदातें बढ़ती गईं, लेकिन सरकार इन्हें रोकने में नाकाम रही। सरकार ने भारी कर्ज लिया, पर जनता के हित में इसका उपयोग नहीं हो पाया। हजारों सरकारी पद समाप्त कर बेरोजगारों के साथ धोखा किया। शिक्षा व्यवस्था पर भी उन्होंने सवाल उठाए और कहा कि बिना तैयारी के अंग्रेजी माध्यम लागू कर दिया गया।

गर्व | वल्लभ राजकीय महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट डुमेश कुमारी ने एक उपलब्धि हासिल की

# डुमेश ने माउंट बीसी रॉय पर तिरंगा फहरा बढ़ाया मंडी का मान

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज

मंडी के वल्लभ राजकीय महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट डुमेश कुमारी ने एक और उपलब्धि हासिल करते हुए 18,000 फीट ऊची माउंट बी.सी. रॉय चोटी पर सफलतापूर्वक तिरंगा फहराया। उन्होंने दार्जिलिंग स्थित हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस कोर्स में वे पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ निदेशालय से चयनित होने वाली एकमात्र एनसीसी कैडेट रहीं, जो अपने आप में गर्व का विषय है।

महाविद्यालय पहुंचने पर उनके सम्मान में प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य ने कहा कि वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार महाविद्यालय व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।महाविद्यालय में एनसीसी आर्मी विंग की दो कंपनियां तथा एयर विंग की एक फ्लाइट सक्रिय हैं, जिनके प्रशिक्षण में फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन लाल क्रांति सिंह, केयरटेकर ऑफिसर डॉ. कविता और डॉ. बलबीर सिंह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. चमन ने बताया कि एडवांस्ड माउंटेनियरिंग कोर्स कैडेटों में नेतृत्व, शारीरिक-मानसिक मजबूती, आपदा प्रबंधन और साहसिक गतिविधियों की समझ विकसित करने वाला बहुआयामी कार्यक्रम है। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट रूस, बांग्लादेश, वियतनाम, भूटान और कजाकिस्तान में युवा आदान-प्रदान कार्यक्रमों में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्ष 2018 से 2025 के बीच 12 से अधिक कैडेट गणतंत्र दिवस कैंप, दिल्ली में निदेशालय का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वहीं पिछले वर्षों में दर्जनभर से अधिक कैडेटों ने भारतीय वायुसेना और थलसेना में कमीशंड ऑफिसर के रूप में राष्ट्रपति कमीशन प्राप्त किया है।



एनसीसी कैडेट डुमेश कुमारी ने फहराया तिरंगा। - समर न्यूज

# नूरपुर में मातृ-शिशु चिकित्सालय के लिए 3.18 करोड़ की स्वीकृति

संजीव महाजन। नूरपुर
समर न्यूज

नूरपुर को मातृ-शिशु चिकित्सालय के लिए 3 करोड़ 18 लाख रुपये की स्वीकृति मिलने पर कांग्रेस प्रदेश पूर्व प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने इसे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि और प्रदेश सरकार की सबके लिए समान विकास की नीति का प्रतीक बताया। नूरपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का इस बजट आवंटन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कदम न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा, बल्कि महिलाओं और बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता दे रही है और संसाधनों की कमी के बावजूद विकास कार्यों को गति मिल रही है। यह मुख्यमंत्री के दूरदर्शी और सक्षम नेतृत्व का प्रमाण है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री सुक्खू का बहुआयामी विकास मॉडल अब अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार गरीबों, मजदूरों, महिलाओं और आमजन के हित में नई सोच के साथ कार्य कर रही है और प्रदेश में विकास की नई इबारत लिख रही है।



मातृ-शिशु चिकित्सालय, नूरपूर। - समर न्यूज

## गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना (मोहाली)

जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब जी, धन धन अमर शहीद

**जत्थेदार बाबा हनूमान सिंह जी का**



# जन्मोत्सव

**3 दिसम्बर (दिन बुधवार)**

**धार्मिक कार्यक्रम**

**प्रात: 9 बजे से रात 11 बजे तक**

**विशाल रक्तदान शिविर**

3 दिसम्बर प्रात: 8:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक

**आँखों का नि:शुल्क चैक अप एवं अप्रेशन कैंप**

2 एवं 3 दिसम्बर 2025 प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक

इस स्थान पर धन–धन अमर शहीद जत्थेदार बाबा हनूंमान सिंह जी ने वतन की आजादी के लिए सन् 1845 ई: में अंग्रेजों के साथ हुई मुदकी व फेरू की जंग में हजारों सिंह सैनिकों के साथ बलिदान दिया।

## गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना (मोहाली)







जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब जी

**धन धन अमर शहीद जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह जी**

के जन्मोत्सव पर

**हार्दिक बधाई**



हरसुखिंदर सिंह- बब्बी बादल
मुख्य प्रवक्ता-आम आदमी पार्टी



हरजीत सिंह मठारू
ब्यूरो चंडीगढ़
मो.नंबरः- 99888-85112

गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना (मोहाली)

जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब जी

**धन धन अमर शहीद जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह जी**



प्रदीप सिंह हैप्पी
जिला ब्यूरो चीफ मोहाली
मो. नंबरः- 99146-17979

## गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना (मोहाली)







जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब जी


**धन धन अमर शहीद जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह जी**

के जन्मोत्सव पर **हार्दिक शुभकामनायें**



**गुरमुख सिंह वालीया**
डायरेक्टर जप स्टडी एब्रॉड कंसलटेंसी

## गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना (मोहाली)



जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब जी

**धन धन अमर शहीद जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह जी**

के जन्मोत्सव पर

**हार्दिक बधाई**



हरविंदर सिंह सुहाणा
अकाली नेता

### तनाव में चल रहा था कलाकार, पुलिस ने शुरू की जांच

# लापता रोबिन का शव तालाब में मिला

**खुशविंदर धालीवाल| जीरकपुर**
**समर न्यूज़**

जीरकपुर क्षेत्र में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई जब महाराणा प्रताप स्टेडियम के पास स्थित तालाब से एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान मुबारकपुर निवासी रोबिन राणा पुत्र महावीर राणा के रूप में हुई, जो पेशे से म्यूजिशियन था और पिछले पांच दिनों से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट स्थानीय थाने में दर्ज करवाई थी, जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

पुलिस के अनुसार, सुबह टहलने आए कुछ लोगों ने तालाब में एक चप्पल को तैरते देखा और तुरंत जीरकपुर पुलिस को सूचना दी। टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। बाद में परिवार वालों ने शव की पहचान रोबिन राणा के रूप में की। रोबिन के माता-पिता ने बताया कि पिछले कुछ समय से वह मानसिक तनाव से गुजर रहा था और घर पर भी काफी उदास रहता था। लापता होने के दिन वह बिना बताए घर से निकला था। परिवार ने उसके



मृतक रोबिन राणा का शव। -समर न्यूज़

किसी से दुश्मनी या विवाद से इनकार किया है, लेकिन लगातार तनाव में रहने की बात स्वीकार की।

डीएसपी डेराबस्सी व जीरकपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम को बुलाया। तालाब के आसपास से सैंपल लिए गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने धारा 193 बी एन एस के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक की फोन कॉल डिटेल्स, लोकेशन हिस्ट्री और पिछले कुछ दिनों की गतिविधियों की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि रोबिन के अंतिम मूवमेंट्स का पता लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी यह कहना मुश्किल है कि यह दुर्घटना है आत्महत्या है या किसी और कारण से मौत हुई है। हर एंगल से जांच जारी है। घटना के बाद मुबारिकपुर और जीरकपुर में शोक का माहौल है। रोबिन अपने क्षेत्र में म्यूजिशियन के रूप में जाना जाता था और स्थानीय कार्यक्रमों में नियमित प्रदर्शन करता था। उसके अचानक इस तरह मिल जाने से परिजन व परिचित स्तब्ध हैं।

# खरड़ के सनी एन्क्लेव सेक्टर-125 में पानी की समस्या को लेकर लोगों ने बनाई आरडब्ल्यूए




सनी एन्क्लेव सेक्टर-125 के स्थानीय निवासी पानी की समस्या को उठाते हुए। -समर न्यूज़

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

सनी एनक्लेव, सेक्टर-125 में पानी की बढ़ती समस्या के बीच लोगों ने औपचारिक रूप से एक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन बनाई। बड़ी संख्या में लोग बुद्ध पार्क में इकट्ठे हुए। लंबे समय से चल रहे पानी के संकट और बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने बाजवा डेवलपर्स और म्युनिसिपल काउंसिल के खिलाफ नारे लगाए। आरोप लगाया कि बाजवा डेवलपर्स समाज की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में नाकाम रही है। खासकर पीने के पानी की पक्की सप्लाई लंबे समय से प्रभावित है। कई परिवार पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर हैं, जिससे रोजमर्रा के कामों में मुश्किलें आ रही हैं।इस मौके पर लोगों ने एकजुट होकर मांग की कि म्युनिसिपल काउंसिल खरड़ तुरंत सेक्टर-125 का मैनेजमेंट और मेंटेनेंस अपने हाथ में ले ताकि इलाके में पीने के पानी की सप्लाई, सफाई और दूसरी नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। इस मौके पर सभी लोगों ने मिलकर हरबंस सिंह सिद्धू को एसोसिएशन का प्रेसिडेंट नियुक्त किया।

प्रेस सेक्रेटरी सुनील कुमार ने बताया कि इनके अलावा ओंकार दीप सिंह तूर को जनरल सेक्रेटरी, सुखदेव सिंह, एमआर सिंह मेहता और दलबीर सिंह को वाइस प्रेसिडेंट, महिंदरपाल सिंह को सेक्रेटरी, हरप्रीत सिंह को जॉइंट सेक्रेटरी, राजिंदर शर्मा, संजीव वत्स और रजनीश कौशल को चीफ एडमिनिस्ट्रेटर, रवि नारंग और सतविंदर सिंह को कैशियर, हरप्रीत सिंह गुजराल, शीशपाल और अंतर सिंह बराड़ को चीफ और लीगल एडवाइजर बनाया गया है।

## उपायुक्त ने समाधान कैंप में सुनी छह लोगों की समस्याएं



सतपाल शर्मा जानकारी देते। -समर न्यूज़

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने समाधान शिविर में सोहन सेक्टर-23 निवासी की दूषित पेयजल की समस्या पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी को मौके का मुआयना कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त सतपाल शर्मा ने समाधान शिविर में जिला के अधिकारियों को निर्देश दिए। समाधान शिविर में आई जिला वासियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर व तय समय सीमा में समाधान करें। उपायुक्त लघु सचिवालय के सभागार में सरकार द्वारा निर्देशित समाधान शिविर में जिला वासियों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होने समाधान शिविर में 6 लोगों की समस्याएं सुनी व संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में सोमवार व वीरवार को कार्यदिवस के दिन सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन लगातार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं की मुख्यमंत्री स्वयं मॉनिटरिंग करते हैं और समाधान शिविर से जुड़ते भी हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को गंभीरता से लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगराधीश जागृति, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी विशाल पराशर, तहसीलदार सुरेश कुमार, जिला वन अधिकारी, जिला बागवानी अधिकारी अशोक कौशिक, गैर सरकारी सदस्य सत्यवान भारद्वाज, तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# सोहाना ने बाबा हनुमान सिंह के जन्मदिवस पर 2, 3 दिसंबर को औपचारिक छुट्टी की मांग की

### शिअद जिला अध्यक्ष ने उपायुक्त को छुट्टी घोषित करने को लिखा मांग पत्र

**हरजीत मठारू| मोहाली**
**समर न्यूज़**

शिरोमणि अकाली दल के जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह सोहाना ने डिप्टी कमिश्नर मोहाली को पत्र लिखकर मांग की है कि वह अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री अकाल तख्त साहिब और बाबा बुड्ढा दल के 7वें जत्थेदार शहीद जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह के जन्मदिवस पर 2 और 3 दिसंबर को औपचारिक रूप से छुट्टी घोषित करें। अपने पत्र में सोहाना ने कहा कि शहीद जत्थेदार सिख समुदाय के एक महान जनरल हैं जिनका न केवल मोहाली क्षेत्र में बल्कि पूरे



परविंदर सोहाना। -समर न्यूज़

सिख जगत में सम्मान और मान्यता है, जिनकी याद में गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना सुशोभित है जहां हर दिन हजारों संगत उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचती है। अकाली नेता ने कहा कि इस स्थान ने प्राकृतिक आपदाओं और अन्य सामाजिक सेवाओं के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि हर दिन बेसहारा लोगों और श्रद्धालुओं के लिए 24 घंटे लंगर की व्यवस्था रहती है। सोहाना ने अपने पत्र में लिखा है कि 2 और 3 दिसंबर को मनाए जा रहे प्रकाश पर्व के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं को गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने और नमन करने पहुंचना है। कार्य दिवस होने के कारण सरकारी कर्मचारी छुट्टी न होने के कारण इस महायज्ञ में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि शहीद जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए 3 दिसंबर को पूरे जिले में अवकाश घोषित किया जाए।

### गांवों को निगम में शामिल करने पर टीडीआई के निवासियों ने विधायक कुलवंत सिंह का किया धन्यवाद

# गांव चिल्ला के निवासियों ने विधायक से की मुलाकात

**प्रदीप सिंह हैप्पी| मोहाली**
**समर न्यूज़**

मोहाली कॉर्पोरेशन में शामिल किए गए 14 गांवों, टीडीआई समेत अन्य शामिल क्षेत्रों के लोगों ने सोमवार को बड़ी संख्या में विधायक कुलवंत सिंह से मिलकर उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर मौजूद टीडीआई सिटी के राजन शर्मा ने बताया कि उन्होंने लगभग एक महीने पहले 22 एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर विधायक कुलवंत सिंह से मुलाकात की थी और अपना पक्ष रखा था कि विकास के चलते हमारे क्षेत्र को मोहाली कॉर्पोरेशन में शामिल किया जाना चाहिए।

उन्होंने मांग को स्वीकार किया और



टीडीआई सिटी के निवासी विधायक कुलवंत सिंह का धन्यवाद करते हुए। -समर न्यूज़

टीडीआई के अलावा ऐतिहासिक धरती चप्पड़चिड़ी को भी मोहाली कॉर्पोरेशन में शामिल किया है। इसके लिए वह विधायक कुलवंत सिंह के आभारी हैं। इस अवसर पर राजन शर्मा के साथ गुलशन कुमार, बुद्ध सिंह रंधावा, राकेश जेतली, सिमरनजीत सिंह और संजीव जयसवाल भी उपस्थित थे।

मोहाली नगर निगम की सीमा बढ़ाने संबंधी जारी किए गए नोटिफिकेशन में गांव चिल्ला को शामिल करने पर, गांव के निवासियों ने कहा कि इस मामले के संबंध में उन्होंने हलका विधायक कुलवंत सिंह से मिलकर मांग पत्र दिया। गांव चिल्ला के निवासियों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार के स्थानीय निकाय विभाग की ओर से मोहाली नगर निगम में जो गांव शामिल किए गए हैं, उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आज गांव चिल्ला के निवासियों ने उनसे मिलकर गांव चिल्ला को नगर निगम से बाहर रखने की मांग की है और वह इस संबंध में विचार करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस अवसर पर गांव के सरपंच अमरीक सिंह, नंबरदार गुरमीत सिंह, संतोख सिंह, अमराओ सिंह, परविंदर सिंह, रमनजीत सिंह, अमरीक सिंह, गुरदेव सिंह, भूपिंदर सिंह, बलजिंदर सिंह, रचन सिंह, गुरजीत सिंह, देवी चरन और मोहित भी उपस्थित थे।

# महाराजा रणजीत सिंह प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट के 6 कैडेटों ने एनडीए से स्नातक की पढ़ाई पूरी की

**प्रदीप सिंह हैप्पी| मोहाली**
**समर न्यूज़**

मोहाली स्थित महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट के छह कैडेटों ने नेशनल डिफेंस अकादमी एनडीए खड़कवासला पुणे से स्नातक की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। चीफ ऑफ नेवल स्टाफ एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, पीवीएसएम, एवीएसएम, एनएम ने पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया, जो भारतीय सशस्त्र बलों में अपने करियर की शुरुआत करने वाले इन युवा अधिकारियों के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण था। तीन वर्षों की कठोर प्रशिक्षण अवधि के बाद कैडेट गुरकरन सिंह मोहाली, हरमनवीर सिंह



महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट के कैडेट। -समर न्यूज़

श्री मुक्तसर साहिब, अर्जुन सिंह तूर लुधियाना, रिदम महाजन पठानकोट, अक्षांश अग्रवाल श्री फतेगढ़ साहिब और गुरजोत सिंह संगरूर अब विभिन्न सर्विस ट्रेनिंग अकादमियों में जाएंगे, जहां एक वर्ष के भीतर उनके कमीशंड अधिकारी बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। उल्लेखनीय है कि इन कैडेटों ने कोविड-19 महामारी के दौरान महाराजा रणजीत सिंह प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण प्राप्त किया था। पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण मंत्री अमन अरोड़ा ने कैडेटों को बधाई देते हुए उन्हें और अधिक मेहनत के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संस्थान के उत्कृष्ट परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह संस्था इन युवा अधिकारियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। संस्थान के निदेशक मेजर जनरल अजय एच चौहान, वीएसएम (सेवानिवृत्त) ने कैडेटों को बधाई देते हुए बताया कि 15 कैडेट दिसंबर 2025 में आरंभ होने वाले कोर्सों के लिए एनडीए तथा अन्य प्रशिक्षण अकादमियों में शामिल होने हेतु कॉल-अप लेटर की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जबकि 47 कैडेट शीघ्र ही अपना सर्विस सिलेक्शन बोर्ड एसएसबी इंटरव्यू देंगे।

### पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत छापेमारी की शुरू

# जिला वासियों से ऑपरेशन में सहयोग की अपील

**मुकुल शर्मा| पंचकूला**
**समर न्यूज़**

पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैकडाउन की सफलता के बाद अब पूरे जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए एक और बड़ा अभियान, ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन की व्यापक शुरुआत कर दी है। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उन सभी एरिया पर कड़ी निगरानी रखना है जहां नशा बेचा या पिया जाता है, जुआ-सट्टा जैसी अवैध गतिविधियां होती हैं या महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाओं की आशंका रहती है। ऐसे सभी संवेदनशील गली-मोहल्लों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई जाएगी और लगातार छापेमारी



ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत छापेमारी करती पुलिस। -समर न्यूज़

कर अपराधियों को सख्त संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारियों और चौकी इंचार्जों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों और रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशनों व गुप्त सूत्रों की मदद से ऐसे स्थानों की पहचान कर तुरंत कार्रवाई शुरू करें।

डीसीपी ने शहर मे एमसी, गांवों के सरपंच व जिला वासियों से अपील की है कि वे भी ऐसे स्थानों की जानकारी पुलिस के साथ साझा करें ताकि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि कई क्षेत्रों को पहले ही चिन्हित कर लिया गया है, जहां सोमवार से ही पैदल गश्त बढ़ा दी गई है। इसके अलावा बाहरी राज्यों या अन्य जिलों से आकर रह रहे व्यक्तियों की निगरानी के लिए रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के माध्यम से सत्यापन कराया जा रहा है। जहां वेरिफिकेशन नहीं हो पाता वहां पुलिस टीमें मौके पर जाकर जांच कर रही हैं। संदिग्ध व्यक्तियों की सूची एकत्र की जा रही है और उनके बैकग्राउंड की जांच भी की जा रही है। डीसीपी ने बताया कि इस विशेष अभियान को मजबूत करने के लिए एक स्पेशल टीम भी गठित की जा रही है और आज से पूरे जिले में डॉग स्क्वॉड की मदद से कॉम्बिंग ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। आमजन से भी अपील है कि ऐसी कोई सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

**आयोजन** | डेराबस्सी में किया गया बाल दंत सप्ताह आयोजित

# रंगोली से थ्री डी मॉडलिंग तक बच्चों ने दिखाई कला

**प्रदीप सिंह हैप्पी| मोहाली**
**समर न्यूज़**

श्री सुखमनी डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल, डेरा बस्सी के बाल एवं निवारक दंत चिकित्सा विभाग द्वारा 14 से 18 नवंबर तक बाल दंत सप्ताह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के दंत-स्वास्थ्य के महत्व को उजागर करना और उन दंत चिकित्सकों की प्रतिबद्धता को सम्मानित करना था जो बच्चों की स्वस्थ और सुंदर मुस्कान के लिए निरंतर समर्पित हैं। सप्ताह भर की गतिविधियां प्राचार्या डॉ. रमनदीप कौर के मार्गदर्शन में डॉ. नेहा विभागाध्यक्ष और डॉ. निशा ट्यूटर द्वारा इस सप्ताह के दौरान कई रोचक गतिविधियां आयोजित की गईं। रंगोली निर्माण, साबुन पर नक्काशी, कैनवास चित्रकला, रील बनाना, बिना आग के



बाल दंत सप्ताह में छात्र पेंटिंग दिखाते हुए। -समर न्यूज़

पाक कला और त्रिविमीय थ्री डी कार्टून मॉडलिंग। विद्यार्थियों ने इन सभी गतिविधियों में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी कलात्मकता तथा रचनात्मकता से सभी को प्रभावित किया। इसके अतिरिक्त बच्चों के लिए मनोरंजक गतिविधियां, ड्राइंग-पेंटिंग सत्र और केक काटने का समारोह भी आयोजित किया गया। विजेताओं को विभाग की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। रंगोली निर्माण में प्रथम स्थान रूपिंदर कौर, चित्रा, प्रांजल, हरमंदीप सिंह, सिमरनजीत कौर, रविंदर कौर और जसकरन को मिला जबकि द्वितीय स्थान पर नूराक्षी, गुरकीरत, मोहिता, सिया, पूजा, नविया और मनजोत रहे। साबुन पर नक्काशी में नविया और ख्याति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैनवास चित्रकला का पहला स्थान खुशी सैनी, रिद्धिमा और अर्चिता को मिला। रील बनाने में प्रथम हरगुन, जश्नप्रीत सिंह, कृष्णा और अमन प्रसाद रहे; द्वितीय जिया, मुस्कान, एकलव्य, भावित; और तृतीय सानिया और नवजोत। त्रिविमीय कार्टून मॉडल में प्रथम स्थान तानिया, विशांत, रूपिंदर कौर को मिला, द्वितीय जसकरन वीर सिंह को और तृतीय हरमीत तथा हरषदीप को। बिना आग के पाक कला में साकेत सुमन प्रथम रहे, द्वितीय स्थान नूराक्षी और तन्वी को मिला, और तृतीय नितिन तथा तनिषा को प्राप्त हुआ। सविभाग ने चेयरमैन कमलजीत सिंह और डायरेक्टर दमनजीत सिंह का उनके सहयोग और प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया।

## गांव के पास जाम खुलवाने की अपील

**मोहाली** | भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पवन मनोचा ने प्रशासन से मांग की है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर स्थित मुंडीर गांव है जिसके एक ओर गिलको वैली और दूसरी ओर पेट्रोल पंप है। वहां



पवन मनोचा।

शाम के समय आम जनता को कई सालों से यातायात की समस्या का सामना करना पड़ता है। वहां हर रोज लोगों को बहुत ही परेशानी होती है और घंटों-घंटों जाम लगा रहता है।

उन्होंने एसएसपी और जिला उपायुक्त से इसका जल्द से जल्द हल करने की अपील की है। साथ ही खरड़ मंडल के एसडीएम और डीएसपी खरड़ से इस समस्या की ओर ध्यान देने की अपील की है ताकि जनता को हर रोज जाम का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि चौकियों की जगह दो पुलिसकर्मी गिलको वैली और पेट्रोल पंप के सामने तैनात किए जाएं।

# एएमएटी कथक छात्राओं का प्राचीन कला केंद्र परीक्षा में ऐतिहासिक प्रदर्शन

### • कुमकुम, किरण और कोमल ने किया टॉप

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

एएमएटी कथक के छात्रों ने हाल ही में हुई प्राचीन कला केंद्र की परीक्षाओं में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस शानदार सफलता का नेतृत्व कुमकुम ने किया जिन्होंने 80 प्रतिशत अंकों और डिस्टिंक्शन के साथ परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त करके सबको गौरवान्वित किया। किरण ने भी डिस्टिंक्शन के साथ 79 प्रतिशत अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान हासिल किया, और कोमल ने 78.5 प्रतिशत अंकों और डिस्टिंक्शन के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। खुशी का विषय यह है कि छात्रों के इस समूह में स्नेहा, प्रियंका, सोनिया, अभिषेक, भूमि और कनिका जैसे कई अन्य



कथक विजेता छात्राओं की तस्वीर। -समर न्यूज़

विद्यार्थी भी शामिल हैं, जिन्होंने 70 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी हासिल की है। इसके अतिरिक्त, दिव्या और साक्षी ने भी 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित की। ये सभी बच्चे गरीब और वंचित परिवारों से आते हैं। शिक्षिका अमिता मारवाह पिछले 13 सालों से बिना किसी शुल्क के इन बच्चों को कथक का प्रशिक्षण दे रही हैं। प्राचीन कला केंद्र की हेड शोभा कौसर ने भी बच्चों को अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया और अमिता मारवाह के निस्वार्थ समर्पण के लिए उन्हें विशेष रूप से प्रोत्साहित किया।

### गैंगस्टरों को पनाह देने वालों पर भी मुकदमे दर्ज

# आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए हरियाणा व हिमाचल में पहुंची पुलिस

## तीन आरोपियों के सरेंडर करने की भी सूचना

**अशवनी पाहवा| लुधियाना**
**समर न्यूज़**

मैरिज पैलेस के अंदर गोलियां चलाने वाले गैंगस्टरों को पनाह देने वाले उनके साथियों पर भी अब पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर लिए है। एक महिला सहित कुल चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने ऐसे चारों ही लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरबंसपुरा निवासी भूषण कुमार, छावनी मोहल्ला निवासी अजय कुमार छाबड़ा, नूर वाला रोड निवासी छोटू राम और गांव बाड़ेवाल निवासी संदीप कौर है। वही इस मामले में वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए कई पुलिस पार्टियां पंजाब सहित हिमाचल प्रदेश व हरियाणा में छापामारी करने पहुंची है। पुलिस को पुख्ता सूचना है कि वारदात के बाद आरोपी हरियाणा व हिमाचल में जा छुपे हैं।

इस मामले में सूत्रों ने बताया कि वारदात को अंजाम देने वाले एक ग्रुप के तीन लोगों ने सोमवार को पुलिस को सरेंडर किया। सरेंडर करने वालों में अंकुर, जसवीर सिंह जस्सा और रूबल प्रधान का नाम सामने आ रहा है। इस मामले में अभी कोई भी आधिकारिक पुष्टि करने को तैयार नहीं है। अधिकारी पहले दिन से ही इस बात को मान रहे हैं कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं दूसरे ग्रुप के शुभम मोटा, युवराज सिंह व उसके साथियों के वारदात के बाद हरियाणा व हिमाचल प्रदेश में छुपे होने की बात मानी जा रही है।

**▪ 2023 में हुई थी पुराने मुहल्ले में हुई गैंगवार...**

मैरिज पैलेस में गोलियां चलाने वाले शुभम मोटा और अंकुर में पहले भी गैंगवार हो चुकी है। यह गंगवार सन 2023 में सुभानी बिल्डिंग के पास स्थित पुराने मोहल्ले में हुई थी। इस गैंगवार का कारण रूपयों का लेनदेन था। दोनों ही पक्ष के लोगों ने तब भी एक दूसरे पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। उक्त मामले में भी पुलिस ने दोनों ही पक्ष के बदमाशों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर जेल में भेजा था। वहां से दोनों ही पक्ष के बीच में दुश्मनी बढ़ गई और दोनों ही अपना वर्चस्व कायम करने के लिए खुद को दूसरे से ऊंचा दिखाई रहे और अब यही लड़ाई का कारण बना।

**▪ मृतक वासू का किया अंतिम संस्कार...**

इस मामले में गैंगस्टरों की गोली का शिकार हुए बेकसूर वासू चोपड़ा के शव का सोमवार को सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया। पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार के लोगों ने वासू चोपड़ा का अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार में पहुंचे हर व्यक्ति की आंख नम थी। अपने पीछे छोड़ गए दो छोटे-छोटे मासूम बच्चों को देखकर वासू चोपड़ा के अंतिम संस्कार में पहुंच हर व्यक्ति अपनी आंख से आंसू ना रोक पाया। वही इस मामले में गोली का शिकार हुई नीरू छाबड़ा का आज पोस्टमार्टम होने की संभावना है।

**▪ यह है पूरा मामला...**

*शनिवार की रात को सलेम टाबरी इलाका में रहने वाले वरिंदर कपूर की शादी थी। शादी पक्खोवाल रोड स्थित बाथ कैस्टल में रखी गई थी जहां पर शहर के कई बड़े नेता, अधिकारी और समाज से भी पहुंचे हुए थे। उक्त शादी में वरिंदर कपूर ने अपने दोस्त गैंगस्टर शुभम मोटा और उसके विरोधी अंकुर को भी बुला रखा था। यह दोनों अपने अन्य साथियों सहित शादी में पहुंचे जहां पर किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई। कहा सुनी के दौरान दोनों ही पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर गोलियां चलानी शुरू कर दी जिस दौरान दूल्हे की मौसी और बचपन के दोस्त को गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई।*

## 33 फूटा रोड पर लूट व्यक्ति का दांत तोड़कर छीना मोबाइल

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

महानगर में अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पुलिस चौकी मुंडियां के इलाके 33 फूटा रोड पर देर रात एक चिकन कॉर्नर के कर्मचारी के साथ लूट की वारदात हुई। जहा बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे घेरकर न सिर्फ मारपीट की, बल्कि उसके दांत तोड़कर मोबाइल भी छीन लिया। घायल मान सिंह ने अस्पताल में से मेडिकल जांच करवा मामले की शिकायत पुलिस को डिम सन्नी चिकन कॉर्नर के मालिक संदीप ने बताया कि वह शादी समारोह में गया था। रात करीब 12 बजे उसका कर्मचारी मान सिंह चाबियां देने पहुंचा था। काम निपटाकर वह जैसे ही घर की ओर निकला, कुछ दूरी पर तीन युवक बाइक पर उसका पीछा करते दिखाई दिए। मान सिंह ने बताया कि पीछा होते देख उसने अपनी बाइक तेज चलाई, लेकिन बदमाशों ने उसे पकड़ लिया। बिना किसी बातचीत के एक युवक ने उसके मुंह पर तेजधार हथियार मार दिया, जिससे उसका दांत टूट गया। इसके बाद तीनों ने उसे जमीन पर गिराकर मारपीट की और जेब में रखा मोबाइल फोन लूट लिया।

### ज़िला परिषद, ब्लॉक समितियों के चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को किया सम्मानित

## ज़िला परिषद चुनाव जीत के बाद अगला लक्ष्य 2027 में पंजाब में शिअद बनायेगी सरकार- शरणजीत ढिल्लों, महेशइंदर ग्रेवाल



हल्का साहनेवाल के भागपुर बैठक में शरणजीत ढिल्लों, महेशइंदर ग्रेवाल, सिमरनजीत ढिल्लों व अन्य। (फोटो- इकबाल हैप्पी)


**दलजीत विक्की | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

जिला परिषद चुनावों को लेकर शिरोमणि अकाली दल द्वारा की गई अहम मीटिंग लुधियाना के हल्का साहनेवाल के गांव भागपुर में हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री शरणजीत सिंह ढिल्लों व शिअद के सीनियर नेता महेश इंदर सिंह ग्रेवाल ने की। इस दौरान पूर्व मंत्री शरणजीत सिंह ढिल्लों ने ज़िला परिषद व ब्लॉक समितियों के चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारो को सम्मानित करते हुए कहा कि पंजाब के तरनतारण उपचुनाव में शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार के दूसरे नबर पर रह कर बढ़िया प्रदर्शन करने के चलते अकाली नेता व कार्यकर्ता पूरी तरह से उत्साहित है और उनमे नई ऊर्जा के साथ पुनः जोश बढ़ गया है।

और उन्होंने कहा कि अकाली दल आगामी 14 दिसंबर को होने वाले ज़िला परिषद व ब्लॉक समितियों के चुनाव के दौरान बढ़िया प्रदर्शन करने के बाद जीत हासिल करेगी। साथ ही सीनियर नेता महेश इंदर सिंह ग्रेवाल ने कहा कि ये ज़िला परिषद चुनाव जीत के बाद अगला लक्ष्य 2027 में पंजाब में शिअद की सरकार बनाएंगे। इस दौरान यूथ अकाली नेता सिमरनजीत सिंह ढिल्लों,सरपंच गगनदीप सिंह ढिल्लों सहित भारी गिनती में लोग उपस्थित थे।

# एक तरफ कब्जे छुड़ाए, दूसरी तरफ अवैध निर्माण हो रहे







पार्षद पति तजिंदर सिंह राजा अवैध कब्जे हटवाने की जानकारी देते हुए, मगर इसके साथ ही हो रहे हैं अवैध निर्माण । -समर न्यूज़

**लक्की मेहता| लुधियाना**
**समर न्यूज़**

न्यू विवेक नगर, वार्ड 91 क्षेत्र में निगम की लगभग 150 फ़ुट सरकारी जगह पर किए जा रहे कब्जे ने स्थानीय निवासियों को चिंतित कर दिया था। मोहल्ला निवासियों ने इसकी जानकारी तत्काल पार्षद पति तजिंदर सिंह राजा को दी। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुँचे और स्थिति का निरीक्षण कर निगम अधिकारियों को अवगत कराया। कार्रवाई के बाद जमीन से कब्जा हटवा दिया गया। इस कदम से लोगों ने राहत तो महसूस की, लेकिन इसके साथ ही कई सवाल भी उठने लगे।

लेकिन साथ ही इसी क्षेत्र में नए अवैध निर्माण लगातार खड़े हो रहे हैं। कई इमारतों में कमर्शियल बेसमेंट तक बनाए जा रहे हैं, जो नियमों के विरुद्ध है। आखिर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ी, कहीं न कहीं सिस्टम की ढिलाई या लापरवाही का संकेत देती है।

**▪ क्या कहना कमिश्नर का...**

इस पूरे मामले पर कमिश्नर आदित्य डेचलवाल ने कहा कि क्षेत्र में निर्माण और कब्जे की स्थिति की जांच के लिए जल्द ही अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाएगी।


उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि कोई भी निर्माण नियम विरुद्ध पाया गया तो निर्धारित नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बस स्टैंड पर ड्राई फ्रूट व्यापारी पर हमला

**अशवनी पाहवा| लुधियाना**
**समर न्यूज़**

लुधियाना के बस स्टैंड पर ड्राई फ्रूट व्यापारी के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम निवासी मोहम्मद इकबाल रथर ने आरोप लगाया कि सोमवार सुबह वह बस स्टैंड पर सामान लेने पुहंचे, जहा माल की डिलीवरी कम मिलने पर उन्होंने विरोध किया तो तीन लोगों ने अचानक उनपर हमला कर दिया। घटना का वीडियो बना उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा कर लुधियाना पुलिस से इंसाफ की गुहार लगाते हुए हमलावरों पर उचित करवाई करने की अपील की।

इकबाल रथर ने बताया कि वह




पिछले 20 वर्षों से लुधियाना में ड्राई फ्रूट का व्यवसाय कर रहा है और हमेशा कश्मीर से बसों द्वारा सामान मंगवाते हैं। सोमवार सुबह 10 बजे वह बस स्टैंड पहुंचा, तो उनके सामान के पीछे से आये 14 डिब्बों में से केवल 13 डिब्बे ही उन्हें दिए गए। जब उन्होंने 1 ओर डिब्बा मांगने या मालिक से बात कराने को कहा, तो बहस बढ़ गई और तीन लोगों ने उन्हें धक्का-मुक्की करते हुए पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान एक व्यक्ति ने बस से लोहे की रॉड निकालकर उन पर वार भी किया।

घटना के बाद इकबाल ने सिविल अस्पताल में मेडिकल करवाया और पुलिस अधिकारियों से आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की अपील की है। वही उसने बताया कि लुधियाना के फील्ड गंज में अकेले रहते हैं, जबकि उनका परिवार कुलगाम में रहता है।

# शिवपुरी में जलभराव से मिलेगी राहत, स्टॉर्म सीवर लाइन परियोजना का किया उद्घाटन



**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

बरसात के दिनों में शिवपुरी क्षेत्र में होने वाले जलभराव की समस्या अब दूर होने जा रही है। लुधियाना उत्तर से विधायक मदन लाल बग्गा ने सोमवार को टूटियां वाला मंदिर से बुड्ढा दरिया तक स्टॉर्म सीवर लाइन बिछाने की 40 लाख रुपये की परियोजना का उद्घाटन किया। यह इलाका नगर निगम के वार्ड 88 में आता है। परियोजना के तहत शिवपुरी मेन मार्केट, जैन नगर, बसंत नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज बारिश के दौरान पानी निकासी की समस्या को स्थायी रूप से दूर करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में पार्षद नीरज आहूजा और अमन बग्गा भी मौजूद रहे। विधायक बग्गा ने कहा कि यह स्थानीय निवासियों और व्यापारियों की लंबे समय से लंबित मांग थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नई सीवर लाइनें लगने से क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था भी बेहतर होगी। शिवपुरी मार्केट एसोसिएशन और क्षेत्रवासियों ने विधायक बग्गा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य क्षेत्र के विकास के लिए बेहद जरूरी था।

# कपड़े बेचने वाले दो युवकों पर हमला आरोपियों की पहचान स्पष्ट नहीं

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

लुधियाना के चीमा चौक पुल के नीचे देर शाम दो गुटों के बीच झगड़े ने गंभीर रूप ले लिया। इसी दौरान वहां कपड़ों की सेल लगाकर काम करने वाले दो युवकों दिलशाद और बंटी को आरोपियों ने बेरहमी से पीट दिया। हमलावरों ने बीयर की खाली बोतलें और दातर से वार कर दोनों के सिर फाड़ दिए। हालत गंभीर होने पर दोनों को सिविल अस्पताल से सीएमसी रेफर कर दिया गया। पीड़ित फरमान ने बताया कि उसके साथी दिलशाद और बंटी रोज की तरह पुल के नीचे कपड़े बेचने का काम करते हैं। सोमवार शाम दो गुट वहीं आपस में लड़ रहे थे। फरमान ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद दिलशाद ने पुलिस को सूचना देकर कहा कि दोनों गुट काफी देर से हंगामा कर रहे हैं और उन्हें वहां से हटाया जाए। पुलिस ने एक गुट को तो ले जाया, लेकिन दूसरा गुट वहीं मौजूद रहा। फरमान के अनुसार, वहीं रुके आरोपियों ने दिलशाद को धमकाया कि वह पुलिस को क्यों कह रहा था कि "ये लोग चिट्टा बेचते हैं"। इसी बात को लेकर हमलावर भड़क उठे और दिलशाद व बंटी पर हमला कर दिया। उन्होंने पहले बोतलें फोड़ीं और फिर दातर से वार किए। आरोप है कि करीब 15 मिनट तक मारपीट जारी रही। बंटी के भाई राजू ने बताया कि उसे फोन पर घटना की सूचना मिली। जब वह अस्पताल पहुंचा तो दोनों की हालत गंभीर थी और उन्हें सीएमसी में भर्ती किया गया। फिलहाल आरोपियों की पहचान स्पष्ट नहीं है।

# कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

## भाजपा में हर किसी को पूरा सम्मान दिया जाता है : धीमान



कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए कार्यकर्ताओ के बारे में जानकारी देते रजनीश धीमान। (फोटो- इकबाल हैप्पी)

**दलजीत विक्की | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

भाजपा जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान की अध्यक्षता में शिमला पूरी सर्कल/मंडल के प्रधान राजीव वर्मा के प्रयासों से स्थानीय भाजपा जिला कार्यालय में लुधियाना दक्षिणी हल्के से कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल। भाजपा जिलाध्यक्ष रजनीश धीमान ने सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का पार्टी में स्वागत किया और भाजपा का गमछा पहना कर पार्टी में शामिल करवाया।पार्टी में शामिल होने वालों में सुमित कुमार,अमन कुमार,श्वेता रानी,रजनी रानी,अमित कुमार,राहुल कुमार,राजेश कुमार,लखवीर सिंह भाजपा में शामिल हुए।इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष धीमान ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग के लोगों के जनकल्याण के लिए जी जान से लगी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा संगठन है। जहां पर हर किसी को पूरा मान सम्मान दिया जाता है। इस मौके पर इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नवल जैन,जसदेव तिवारी,सुमित गुप्ता,संजय वर्मा,हरप्रीत सिंह मोनू,सौरव कपूर मौजूद रहे।

**शूटिंग विवाद**

### मस्जिद में शूटिंग को लेकर विवाद, पंजाबी एक्ट्रेस सोनम पर कार्रवाई की मांग

# मर्यादा के खिलाफ सीन फिल्माए, मस्जिद में खाना-पीना भी किया

**गुरप्रीत सिंह| लुधियाना**
**समर न्यूज़**

पंजाबी फिल्म पिट सियापा की शूटिंग को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। पंजाब के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान



शाही इमाम।

लुधियानवी ने दावा किया है कि फतेहगढ़ साहिब के सरहिंद स्थित ऐतिहासिक मस्जिद में अभिनेत्री सोनम बाजवा और फिल्म यूनिट ने बिना धार्मिक मर्यादा का ध्यान रखे शूटिंग की है। उन्होंने इसे धार्मिक बेअदबी करार देते हुए फिल्म की कास्ट और क्रू के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शाही इमाम ने कहा कि मस्जिद के बाहर स्पष्ट रूप से बोर्ड लगा है जिसमें शूटिंग पर रोक लिखी हुई है। इसके बावजूद फिल्म यूनिट ने यहां रात के समय शूटिंग की और कथित रूप से ऐसे दृश्य फिल्माए गए जो धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शूटिंग के दौरान मस्जिद परिसर में ही खाना-पीना किया गया जो इस्लामी मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में फतेहगढ़ साहिब के एसएसपी को सोनम बाजवा फिल्म के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश की गई है। उन्होंने कहा कि मस्जिद पुरातत्व विभाग के अधीन आती है इसलिए यह भी जांच का विषय है कि फिल्म यूनिट को यहां शूटिंग की अनुमति किसने दी। शाही इमाम ने संबंधित अधिकारी पर भी कार्रवाई की मांग की है। शाही इमाम उस्मान लुधियानवी ने कहा कि हाल के वर्षों में धार्मिक स्थलों पर बेअदबी की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है जो समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि धर्मस्थल इबादत की जगह हैं फिल्मांकन के लिए नहीं। फिल्म इंडस्ट्री को सामाजिक मर्यादाओं का सम्मान करना चाहिए। पिट सियापा फिल्म 1 मई 2026 को रिलीज होने की घोषणा की गई है। फिल्म टीम की ओर से इस विवाद पर अभी आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।



ऐतिहासिक मस्जिद की सजावट को लेकर विवाद।




-समर न्यूज़

# बेखौफ सड़कों पर दौड़ता हुआ ओवरलोड बैटरी ऑटो



लुधियाना के डीएमसी रोड पर ओवरलोड बैटरी वाला ऑटो सड़क पर दौड़ता हुआ, नियमों की धज्जियां उड़ाकर खुद की और दूसरों की जान जोखिम में डालता हुआ।

-फोटो लक्की भट्टी

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 87